दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | बुधवार 19 मार्च-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 87 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## 5 साल की बच्ची से रेप-मर्डर मामले में दोषी को फांसी की सजा का ऐलान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के शाहजहानाबाद इलाके में पिछले साल 24 सितंबर को 5 साल की बच्ची से रेप और हत्या के मामले में विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल की कोर्ट ने मुख्य आरोपी अतुल निहाले को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने वारदात में उसका साथ देने वाली मां बसंती और बहन चंचल को भी दो-दो साल की कैद की सजा दी है। इस जघन्य अपराध ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया था।



दरअसल, 24 सितंबर 2024 को शाहजहानाबाद की एक इमारत में रहने वाली 5 साल की बच्ची लापता हो गई थी। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों, डॉग स्क्वॉड और ड्रोन की मदद से 1000 फ्लैटों की तलाशी शुरू की। 72 घंटे बाद बच्ची का शव उसी बिल्डिंग के एक बंद फ्लैट की पानी की टंकी में मिला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला कि बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या की गई थी।

**फॉगिंग के धुएं का फायदा उठाकर अपराध :** पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि बच्ची के घर के सामने रहने वाले आरोपी अतुल निहाले ने नगर निगम की फॉगिंग मशीन के धुएं का फायदा उठाया।

धुएं की आड़ में उसने बच्ची को अपने कमरे में खींच लिया। कुछ ही मिनटों में उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को बिस्तर पर रख दिया। जब उसकी मां और बहन काम से लौटीं, तो उन्हें घटना का पता चला। तीनों ने मिलकर शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई, लेकिन पुलिस की सघन तलाशी के चलते मौका नहीं मिला।

# जीडीए सीमा में 61 गांवों को शामिल करने का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास

## बेसमेंट में हो सकेंगी अब कमर्शियल गतिविधियां





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक मेरठ में आयोजित हुई। इस बैठक में जीडीए अध्यक्ष, मेरठ मण्डलायुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जीडीए वीसी अतुल वत्स, हापुड़ डीएम के प्रतिनिधि के रूप में एडीएम-एफआर, डीएम गौतमबुद्ध के प्रतिनिधि के रूप में एडीएम-एलए, गाजियाबाद नगर निगम के मुख्य अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम के संयुक्त निदेशक, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल, अपर सचिव जीडीए, वित्त नियंत्रक जीडीए, सीएटीपी मौजूद रहे। इस बैठक में 20 प्रस्ताव रखे गये। सबसे बड़ा प्रस्ताव 61 राजस्व ग्रामों का था। ईस्टर्न पैरिफेरल के दोनों तरफ आने वाले इन राजस्व ग्रामों को विकास की दृष्टि से जीडीए में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया।

जिन गांवों को इस सूची में शामिल किया गया है उनमें मोदीनगर तहसील में नेकपुर सावितनगर, बिहंग, रेंवरा रावरी, हुसैनपुर, मानौली, भदौली, किशनचन्दपुर पट्टी, मिलक चकरपुर, रोशनपुरम सलैमाबाद पट्टीप्रताप, रोशनपुर सलैमाबाद पट्टी जीराम, अजबपुर मगांवली, काकड़ा, खार जीवानपुर खीमावती, कादरनगर बुरारी, सुराना, अल्लाहपुर, शहजादपुर, सुठारी, राबलीकलां, मिल्करावली, खैराजपुर, रैलापुर, सुल्ताननगर, छज्जुपुर, जलालपुर ढिढार, अमिरपुर गढी, बन्दीपुर, ग्यासपुर, सुल्तानपुर, खुर्रमपुर और दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ आने वाले किलहौडा, भडौला, फरीदनगर, रघुनाथपुर, त्योडी तेरह बिस्वा, त्योडी सात बिस्वा, चुडियाला, शकरपुर, मुरादाबाद, जैनुद्दीनपुर, तलहेटा, पलौता, भटजन, अमराला, औरंगाबाद फजलगढ, कासिमपुर, अमीरपुर बडायला, सुजानपर मुहम्मदपुर, पट्टी, जहांगीरपुर, युसुफपुर नंगला, कलछीना, औरंगनगर किनापुर, गंगारामपुर, मिसवापुर, भवानीपुर, नूरपुर, डिडवारी, समयपुर, करीमनगर कटियारा उर्फ आकलपुरी, निगरावटी, युसुफपुर ईशापुर शमिल हैं।

इसके अलावा अन्य प्रस्ताव भी रखे गये और इन प्रस्तावों में मधुबन बापूधाम के किसानों की समस्या के समाधान से लेकर तुलसी निकेतन के भवनों का मामला रहा।

### श्मशान तो नहीं होगा शिफ्ट अब भूखण्डी ही समायोजित होंगे दूसरे स्थान पर

करंट क्राइम। मधुबन बापूधाम के मध्य विद्यमान श्मशान घाट की परिधि पर नियोजित तथा विक्रीत 373 आवासीय भूखण्डों को स्थानान्तरित किये जाने सम्बन्धी विषयक योजना के पॉकेट ई में वर्ष 2014 में स्वीकृत स्थल मानचित्र के अनुसार 373 एकल आवासीय भूखण्डों का सृजन किया गया था। जिनमें से 160 भूखण्ड आवंटित कर दिये गये थे। इन भूखण्डों के आवंटियों द्वारा भूखण्ड के निकट स्थित दो श्मशान घाट को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए विगत कई वर्षों से पत्राचार किया जा रहा था। 160 आवंटित भूखण्डों में से 22 भूखण्ड ऐसे हैं जिन पर रजिस्ट्री की कार्यवाही हो चुकी है। पूर्व में प्राधिकरण स्तर पर गठित समिति द्वारा ये निर्णय लिया गया था कि पॉकेट ई की प्रश्नगत श्मशान को अन्यत्र शिफ्ट कर दिया जाये। परन्तु राजस्व संबंधी कठिनाईयों और जनस्वीकार्य उपयोग ना होने के कारण श्मशान हेतु कोई भूमि प्राप्त नहीं हो सकती। जिसके चलते श्मशान का अन्यत्र शिफ्ट किया जाना अन्यत्र क्रियान्वित नहीं हो सका। बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि वर्तमान प्रस्ताव में इन सृजित आवासीय भूखण्डों को ही योजना के अन्य अविकसित क्षेत्र में नियोजित किया जाना प्रस्तावित किया जाना आवश्यक हो गया है।

### मधुबन बापूधाम के किसानों की समस्या का हुआ समाधान

करंट क्राइम। मधुबन बापूधाम योजना में अर्जित भूमि के सापेक्ष 800 एकड़ करार के माध्यम से तथा 281 एकड़ भूमि नवीन भू-अर्जन अधिनियम से प्रभावित कृषकों को देय क्रमशः 6 प्रतिशत एवं 20 प्रतिशत विकसित भूखण्ड दिये जाने का प्रस्ताव रखा गया। करार के माध्यम से ली गई भूमि के प्रभावित कृषकों को 6 प्रतिशत विकसित भूखण्ड दिये जाने के सापेक्ष रू० 3350.00 प्रतिवर्ग मीटर की दर से लिये जाने का निर्णय हुआ। नवीन भू-अर्जन अधिनियम के अन्तर्गत मा० उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार प्राप्त 281 एकड़ भूमि से प्रभावित कृषकों को देय 331 आवासीय भूखण्डों की देयता आंकलित की गई है, जिनको तलपट मानचित्र पर सृजन करते हुए आवंटित किया जायेगा।

### बेसमेंट में बना सकते हैं टॉयलेट और चला सकते हैं कर्मिशियल गतिविधि

करंट क्राइम। जीडीए बोर्ड बैठक में आये एक प्रस्ताव के बाद उन भवन निर्माताओं को बड़ी राहत मिलेगी जो बेसमेंट में निर्माण कराना चाहते हैं। अबसे पहले बेसमेंट में केवल पार्किंग का ही प्राविधान था। जीडीए बोर्ड बैठक में आये प्रस्ताव के बाद बेसमेंट के अन्तर्गत टॉयलेट का निर्माण किया जा सकता है और मूल बेसमेंट की तरह एक्टेंटिड बेसमेंट में भी इसी तरह का प्रयोजन रहेगा। इसमें वार्णिज्यिक तथा कार्यालय हेतु प्रभावी भवन निर्माण एंव विकास उपविधि -2008 संशोधित 2023 के अध्याय 3.9 में संशोधन कर अंगीकृत किये जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड द्वारा स्वीकृत किया गया।

### जीडीए प्रोपर्टी के नहीं बढ़ेंगे दाम

करंट क्राइम। प्राधिकरण की बैठक में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत अनिस्तारित भूखण्डों का मामला रखा गया। ऐसे भवनों का मामला भी रखा गया जो पूर्व में नीलामी के बाद भी नहीं विक्रय हुए हैं। अब ये तय किया गया कि विक्रय मूल्य ज्यादा होने के कारण जीडीए ने पहले भी इन भवनों और भूखण्डों के मूल्य को फ्रिज किया था यानी इनकी कीमत नहीं बढाई थी। मंगलवार को हुई बोर्ड बैठक में यह तय किया गया कि विभिन्न योजनाओं में अलग-अलग श्रेणी के अनिस्तारित भवनों और भूखण्डों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर पूर्व फ्रिज मूल्य पर ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में भी बेचा जायेगा। इनके दाम नहीं बढ़ेंगे और 31 मार्च तक इन्हें विक्रय किये जाने पर विचार होगा।

सांसद अतुल गर्ग ने लोकसभा में उठाया कोर्ट में झूठ बोलने वालों का मामला

## कहा, जो कोर्ट में भी झूठ बोलते हैं वो जजों के रहम पर हैं और कोई जज झूठ बोलने वालों पर केस नहीं करता



- सांसद ने ज्यूडिशरी सिस्टम को लेकर लोकसभा में उठाई लाखों पीड़ितों की आवाज
- सेक्शन 215ए में केवल जज ही ले सकते हैं ऐसे मामलों में संज्ञान
- झूठ बोलने वालों के कारण कई मामलों में पीड़ित ही तंग होकर दे देते हैं अपनी जान
- पत्नी पीड़ित होनहार इंजीनियर की आत्महत्या का मामला उठाया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने देश के सदन में एक ऐसा मामला उठाया है जिसमें उन्होंने अदालतों में झूठ बोलने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग की आवाज लोकसभा में गूंजी और उन्होंने सदन में कहा कि मैं ध्यान दिलाना चाहता हूं उन लोगों की तरफ जो झूठ बोलकर गवाही देते हैं। सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि ऐसे केस करने वाले और झूठी गवाही देने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो पाती है। उन्होंने देश की विभिन्न अदालतों में पेंडिंग पड़े केसों का हवाला देते हुए कहा कि आज साढ़े तीन करोड़ मामले क्रिमिनल अदालतों में लंबित है और डेढ़ करोड़ मामले अन्य अदालतों में चल रहे हैं।

सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि झूठ बोलने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही इसलिए भी नहीं होती है क्योंकि कानून सेक्शन 215ए में केवल जज ही संज्ञान ले सकते हैं, जो पीड़ित है वो कोई केस दायर नहीं कर सकता है। सांसद अतुल गर्ग ने हाल ही में हुए एक बड़े मामले का हवाला दिया और कहा कि इस कारण कई बार बहुत से लोगों को आत्महत्या करनी पड़ती है। बहुत सारे केसों को अनावश्यक रूप से टाला जाता है। उन्होंने अतुल सुभाष केस का हवाला दिया और कहा कि पिछले दिनों एक बड़ा केस हुआ जिसमें अतुल सुभाष जैसे होनहार इंजीनियर को आत्महत्या करनी पड़ी थी।

उन्होंने कहा, लेकिन कोर्ट में भी जो लोग झूठ बोलते हैं वो जजों के रहम पर हैं और कोई जज झूठ बोलने वालों पर केस नहीं करता। अतुल गर्ग ने मांग की कि पीड़ित पक्ष को भी झूठ बोलने वाले के खिलाफ कार्यवाही का हक मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये ज्यूडिशरी सिस्टम से जुड़ा मामला है और इस पर एक्शन होना चाहिए।

## आज हवन-पूजन के साथ महानगर कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल

### क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया रहेंगे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल आज महानगर कार्यालय में पदभार ग्रहण करेंगे। मयंक गोयल पहले सुबह 10 बजे भाजपा महानगर कार्यालय पहुंचेंगे। यहां वो विधिवत रूप से हवन पूजा-अर्चना में भाग लेंगे। भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी इस मौके पर मौजूद रहेंगे। जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया रहेंगे। भाजपा महानगर कार्यालय पर हवन पूजन के बाद उनके मार्गदर्शन में ही महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल पदभार ग्रहण करेंगे। इसी के साथ मयंक गोयल अपनी अध्यक्ष वाली पारी की विधिवत शुरुआत करेंगे। वो बुधवार को भाजपा महानगर कार्यालय में महानगर अध्यक्ष वाली कुर्सी पर विराजमान होंगे। इस दौरान वो कार्यकताओं से भी मुलाकात करेंगे और संक्षिप्त बैठक भी रखी गई है।



# 22 मार्च से वैष्णो देवी के लिए हिंडन से मिलेगी फ्लाइट, नवरात्र को लेकर की गई शुरुआत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से अब 22 मार्च को चेन्नई और जम्मू कश्मीर के वैष्णो देवी यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को गाजियाबाद से ही फ्लाइट मिलनी शुरू हो जाएगी। चेन्नई के साथ ही 22 मार्च से बेंगलुरु के लिए भी दूसरी उड़ान शुरू की जाएगी। माता वैष्णो देवी यात्रा पर जाने वाले भक्तों की भीड़ को देखते हुए व नवरात्र की शुरुआत होने की वजह से कंपनी ने यह फैसला लिया है। वहीं चेन्नई के साथ ही बेंगलुरु को हवाई सेवा शुरू होने का लाभ न सिर्फ गाजियाबाद बल्कि गाजियाबाद के आसपास के जिलों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। बता दें कि इससे पहले 1 मार्च को हिंडन से गोवा, बेंगलुरु और कोलकाता की फ्लाइट शुरू हो चुकी है।

इसके साथ ही आने वाले समय में लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, बनारस, मुंबई और पुणे के लिए भी विमान सेवा शुरू करने की कवायत तेज हो गई है।

## चेन्नई के लिए भी इसी माह शुरू हो रही है हवाई सेवा

### लगातार बढ़ रही है हिंडन से अलग-अलग शहरों के लिए उड़ान

करंट क्राइम : दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले लोगों को हिंडन एयरपोर्ट से लगातार अलग-अलग प्रदेशों और शहरों के लिए उड़ान धीरे-धीरे शुरू हो रही है। मार्च के महीने में ही जहां हिंडन एयरपोर्ट से बेंगलुरु, कोलकाता और गोवा की फ्लाइट शुरू हुई। तो वहीं अब कंपनी हिंडन से चेन्नई, जम्मू वैष्णो देवी और बेंगलुरु की उड़ान भरने की नई अनुमति मिल गई है। इससे पहले हिंडन एयरपोर्ट से वर्तमान में भटिंडा, लुधियाना, किशनगढ़, नांदेड़ और अहमदपुर के लिए फ्लाइट चल रही हैं।






### धार्मिक शहरों से लेकर टूरिज्म को जोड़ रही है फ्लाइट्स

करंट क्राइम : हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद से जहां गोवा, चेन्नई, वैष्णो देवी जम्मू, बेंगलुरु के लिए फ्लाइट चालू हो रही हैं। तो वहीं औद्योगिक शहरों के साथ ही पर्यटन स्थलों और धार्मिक आस्था के केंद्र कहे जाने वाले शहरों के लिए भी फ्लाइट शुरू करने का प्रयास हो रहा है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, बनारस, मुंबई और पुणे को हवाई सेवा से जोड़ने का प्लान है। तो इससे पहले बठिंडा, लुधियाना, किशनगढ़, जम्मू और चेन्नई शुरू करने का काम हो चुका है। कुल मिलाकर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया जहां बड़े शहरों से गाजियाबाद को जोड़ रही है। तो प्रमुख शहर जो औद्योगिक या धार्मिक आस्था के केंद्र हैं, उनको भी जोड़ने का काम किया जा रहा है।

### कुछ यूं रहेगा फ्लाइट का समय और किराया

करंट क्राइम : 22 मार्च को विमान के उड़ान भरने का समय

- **चेन्नई से सुबह 5 :55 बजे** विमान उड़ान भरेगा और सुबह 9 :05 बजे हिंडन पहुंचेगा। वापसी में दोपहर 3 :20 बजे हिंडन से उड़ान शुरू होगी और शाम 6 :05 बजे विमान चेन्नई पहुंचेगा। चेन्नई की टिकट 6 हजार रुपये से भी कम कीमत से शुरू हो रही हैं।
- **हिंडन से सुबह 9 :55 बजे** विमान उड़ेगा और सुबह 11 :30 बजे जम्मू पहुंचेगा। वापसी में दोपहर एक बजे विमान जम्मू से उड़ान भरकर दोपहर 2 :40 बजे हिंडन पहुंचेगा। जम्मू के लिए टिकट 7,300 रुपये से शुरू है।
- **हिंडन से सुबह 8 :55 बजे** विमान उड़ेगा और दोपहर 12 बजे बेंगलुरु पहुंचेगा। शाम पौने पांच बजे बेंगलुरु से फ्लाइट उड़ेगी और रात 7 :40 बजे हिंडन पहुंचेगी। बेंगलुरु की फ्लाइट का टिकट करीब 5 हजार रुपये से शुरू हो रहा है।
- **गोवा के लिए हिंडन एयरपोर्ट से विमान सुबह 10 :30 बजे** उड़ान भरेगा और दोपहर 1 :15 बजे गोवा पहुंचेगा। वापसी में गोवा से दोपहर 2 बजे फ्लाइट उड़ेगी और शाम 4 :40 बजे हिंडन एयरपोर्ट पर उतरेगी। गोवा के लिए टिकट भी पांच हजार से शुरुआत हो रही है।
- **बेंगलुरु से दोपहर 12 :40 पर** विमान उड़ान भरेगा और दोपहर 3 :15 बजे हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेगा। वापसी में हिंडन से यात्रा शाम पौने चार बजे शुरू होगी और शाम 6 :35 बजे विमान बेंगलुरु पहुंचेगा।
- **कोलकाता से सुबह 7 :10** पर विमान उड़ान भरेगा और सुबह 9 :30 बजे हिंडन पहुंचेगा। वापसी में हिंडन से शाम 5 :20 बजे यात्रा शुरू होगी और कोलकाता में शाम 7 :40 बजे विमान उतरेगा।

# नागपुर शहर के कई इलाकों में लगा अनिश्चितकालीन कर्फ्यू






## 45 वाहनों में की गई तोड़फोड़, उपद्रवियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**नागपुर।** नागपुर के संरक्षक मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने मंगलवार को कहा कि शहर में हुई हिंसा के सिलसिले में कम से कम 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और हिंसा के दौरान 34 पुलिसकर्मी तथा पांच अन्य लोग घायल हुए हैं। नागपुर शहर के कई इलाकों में लगा अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया गया है। उन्होंने नागपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि घायलों में से दो को यहां एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (क्कव) में भर्ती कराया गया है। बावनकुले सोमवार को हुई घटना के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए यहां पहुंचे हैं।

मंत्री ने कहा कि हिंसा के दौरान 45 वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई और उन्होंने सभी समुदायों के सदस्यों से शहर में शांति बनाए रखने तथा किसी भी असामाजिक तत्व का समर्थन नहीं करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बावनकुले ने कहा कि वह नागपुर पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी से मिलेंगे तथा पूरी घटना की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा, "मुझे मुख्यमंत्री ने इसके लिए निर्देश दिया है।"

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े सात बजे मध्य नागपुर के चिटनिस पार्क इलाके में तब हिंसा भड़क उठी जब अफवाह फैली कि औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए एक दक्षिणपंथी संगठन द्वारा किए गए आंदोलन के दौरान एक समुदाय का धर्मग्रंथ जलाया गया है। बावनकुले ने कहा कि पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में 40 से 45 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान पुलिस पर पथराव किया गया और 33 से 34 पुलिसकर्मी घायल हो गए। मंत्री ने कहा कि पांच आम नागरिक भी घायल हुए हैं। उनमें से दो आईसीयू में भर्ती हैं और तीन को सुबह छुट्टी दे दी गई। बावनकुले ने बताया कि सरकार अफवाह फैलाने वालों की निगरानी करने के लिए सोशल मीडिया खातों पर नजर रख रही है। मंत्री ने कहा कि सरकार यह भी पता लगा रही है कि सोमवार को किसने अफवाह फैलाई, जिसके कारण हिंसा हुई। उन्होंने कहा, "सरकार का रुख यह है कि हिंदू और मुस्लिम समुदाय हमेशा से एक साथ सद्भाव से रहते आए हैं और ऐसी घटना (नागपुर में) पहले कभी नहीं हुई।"

जिला संरक्षक मंत्री ने कहा कि हिंसा के पीछे जो भी असामाजिक तत्व शामिल हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बावनकुले ने कहा कि वह हिंसा में घायल हुए पुलिसकर्मियों और अन्य लोगों से भी मिलेंगे। इससे पहले पुलिस ने कहा कि हिंसा के मद्देनजर शहर के कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। पुलिस ने कहा कि कर्फ्यू के दौरान संबंधित इलाके के पुलिस उपायुक्त आवश्यकतानुसार वाहनों की आवाजाही पर फैसला लेंगे।

## नागपुर में क्यों भड़की हिंसा, क्या थी अफवाह और कैसे जल उठा शहर

**नागपुर।** औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए एक संगठन के प्रदर्शन के दौरान एक धर्मग्रंथ जलाए जाने की अफवाह फैलने के बाद नागपुर में सोमवार को हिंसा भड़क गई। इस दौरान किए गए पथराव में तीन पुलिसकर्मियों समेत नौ लोग घायल हो गए। पुलिस ने महल क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में तलाशी अभियान के दौरान 15 लोगों को गिरफ्तार किया। इससे पहले, पुलिस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय वाले महल क्षेत्र में भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। अधिकारियों ने बताया कि महल के बाद हंसपुरी इलाके में भी उपद्रव की कुछ घटनाएं सामने आईं। यहां भी उपद्रवियों ने दुकानों में तोड़फोड़ और पथराव किया। साथ ही वाहनों में आग लगा दी।

फिलहाल प्रशासन ने नागपुर शहर के कई इलाकों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया है। पुलिस आयुक्त डॉ। रविंद्र कुमार सिंगल ने बताया कि नागपुर शहर के कोतवाली, गणेशपेठ, लकड़गंज, पचपावली, शांतिनगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामवाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया है। यह कर्फ्यू अगले आदेश तक लागू रहेगा।

**कैसे शुरू हुई हिंसा? :** पुलिस के अनुसार, उपद्रव सोमवार देर शाम उस समय शुरू हुआ, जब बजरंग दल के सदस्यों ने महल इलाके में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि अफवाह फैली कि आंदोलन के दौरान धर्मग्रंथ को जलाया गया है। बजरंग दल के प्रदर्शन के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हुए, जिससे मुस्लिम समुदाय के लोगों में आक्रोश फैल गया।

गणेशपेठ थाने में शाम को कथित तौर पर धर्मग्रंथ जलाने के लिए शिकायत भी दर्ज कराई गई। पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद, बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग महल इलाके के अलग-अलग हिस्सों में इकट्ठा होने लगे। पुलिस ने संकट की आशंका को देखते हुए गश्त तेज कर दी और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को बुलाया गया।

**पुलिसकर्मियों पर पथराव :** एक अधिकारी ने बताया कि चिटनिस पार्क इलाके में पुलिसकर्मियों पर पथराव किया गया, जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। उन्होंने बताया कि अन्य इलाकों से भी हिंसा की खबरें आई हैं। हालांकि, बजरंग दल के पदाधिकारियों ने आरोपों का खंडन किया और दावा किया कि उन्होंने अपने प्रदर्शन के तहत केवल औरंगजेब का पुतला जलाया था।

# हाथरस में दरिंदगी की हदें पार

## डरी सहमी मासूम बच्ची, होंठ पर काटा, गले पर खरोंच और सिर में चोट

**अलीगढ़।** हाथरस के सादाबाद क्षेत्र में दुष्कर्म की शिकार हुई बच्ची की हालात में लगातार सुधार हो रहा है। डॉक्टरों की टीम की रिपोर्ट के बाद उसे सोमवार को आईसीयू से महिला वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। संकेत ये भी हैं कि उसे एक दो दिन में घर भेजा जा सकता है। बच्ची को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है, परिजन भी साथ में हैं।

बच्ची को नाजुक हालत में एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज लाया गया था। उसके होंठ पर काटने और गले पर खरोंच के निशान हैं। सिर में भी चोट थी। रविवार को उसे आईसीयू में रखा गया। जहां उसका चिकित्सकों ने उपचार किया। मेडिकल परीक्षण व उपचार के बाद सोमवार को उसे महिला वार्ड में लाया गया।

यहां आधा दर्जन से अधिक पुलिसकर्मी बच्ची व परिवार की सुरक्षा में लगे हैं। बेवजह लोगों की आवाजाही पर पाबंदी है। अलीगढ़ पुलिस लगातार सुरक्षा पर नजर बनाए हुए है। सियासी लोगों की आवाजाही जारी है।

पिता व अन्य परिजन सियासी लोगों से आरोपी को सजा दिलाने में सहयोग की मांग कर रहे हैं। सीएमएस डा.अमजद रिजवी बताते हैं कि बच्ची को वार्ड में रखा गया है। महिला चिकित्सकों की टीम निगरानी कर रही है। पहले से उसकी हालात में सुधार है।

**फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य :** बच्ची से दुष्कर्म की वारदात के बाद सोमवार को गांव में फॉरेंसिक टीम पहुंची। टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों से भी कुछ जरूरी पूछताछ की गई है।

बिटियां के साथ हुई दरिंदगी की घटना की चौतरफा निंदा हो रही है। गुस्साए परिजनों का कहना है कि आरोपी को फांसी दी जाए, उसके घर पर बुलडोजर चले तभी उन्हें तसल्ली मिलेगी। बच्ची की चाची ने कहा कि सरकार हमारी बेटी को इंसाफ दिलाएं और मुख्यमंत्री गांव में आएं। हमारी बेटी तड़प रही है। पैरों में गोली मारने से कुछ नहीं होता, आरोपी को चौराहे पर खड़ा कर गोली मार दी जानी चाहिए, या फिर फांसी दी जाए। ऐसी सजा मिले कि फिर किसी बिटिया के साथ ऐसा घिनौना कृत्य करने की सोचने वालों की भी रूह कांप जाए। ऐसी वारदात होती रही तो बहू-बेटियां घर से नहीं निकल पाएंगी। बहू-बेटियों को सुरक्षा दी जाए।

बच्ची के फूफा ने कहा कि बिसावर से शराब के ठेके को हटाया जाए, यहां आए दिन शराब पीकर लोग हंगामा करते हैं, बहू-बेटियों से शराबी दुर्व्यवहार और गाली गलौज करते हैं। अब तक की प्रशासन की कार्रवाई से वह संतुष्ट नहीं है, मुआवजा दिया जाए और आरोपी को फांसी दी जाए।

बच्ची के ताऊ ने कहा कि आरोपी को फांसी होनी चाहिए। बच्ची का अच्छे निजी अस्पताल में उपचार होना चाहिए। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा मिलना चाहिए। बच्ची की अच्छी पढ़ाई की व्यवस्था हो। आरोपी के घर पर बुलडोजर चले।

उल्लेखनीय है कि शनिवार की रात को कस्बा बिसावर में सात साल की बच्ची से एक युवक ने दुष्कर्म किया था। दरिंदगी की शिकार हुई बालिका ई- रिक्शा चालक की पुत्री है।



### बोले परिजन- आरोपी को दी जाए फांसी, उसके घर पर चले बुलडोजर

### डरी सहमी है बच्ची, नहीं बोल पा रही कुछ

अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में उपचारत दुष्कर्म पीड़ित सात वर्षीय बच्ची को सोमवार को होश आ गया, लेकिन अभी वह हादसे से डरी सहमी हुई है। वह घटना को बयां नहीं कर पा रही। बच्ची की दादी ने बताया कि बच्ची को होश आ गया है, लेकिन उसकी हालत अभी ठीक नहीं है, वह कुछ बोल नहीं पा रही। हादसे को याद कर बार बार वह अपनी मां के आंचल में सिमट रही है।

### न्यायालय ने दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

हाथरस के बिसावर में बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को अमन खां को पुलिस ने सोमवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) चित्रा शर्मा के न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। आरोपी की अगली पेशी 29 मार्च को होगी।

# वकीलों का एलान... न्यायिक व विधिक कार्य से रहेंगे विरत

## सभी आरोपी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है। यह निर्णय विभूतिखंड थाने में 14 मार्च को अधिवक्ताओं से मारपीट और उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे के विरोध में लिया गया है। सोमवार को सेंट्रल बार व लखनऊ बार एसोसिएशन की कचहरी में हुई संयुक्त बैठक में इस बात का फैसला किया गया।

सेंट्रल बार के अध्यक्ष अरविंद कुमार कुशवाहा, महामंत्री अमरेश पाल, लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश प्रसाद तिवारी और महामंत्री बृजभान सिंह "भानु" के नेतृत्व सोमवार को बैठक हुई। इसमें कहा, दोनों बार एसोसिएशन की तरफ से कोई भी हड़ताल का प्रस्ताव पारित नहीं किया गया, लेकिन पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अधिवक्ताओं पर हड़ताल पर रहने का आरोप लगाकर यातायात डायवर्जन का आदेश पारित कर दिया।

इससे आम जनमानस व स्कूल के बच्चों को आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ी। प्रशासन से मांग की गई कि थाना विभूतिखंड के दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज केस खत्म किया जाए।

**पूरे इलाके का छावनी में किया गया तब्दील :** अधिवक्ताओं के प्रदर्शन को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट से केडी सिंह बाबू स्टेडियम तक पुलिस तैनात रही। जगह-जगह पुलिस ने बैरिकेडिंग लगा रखी थी। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी, डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव फोर्स के साथ अलग-अलग पॉइंट पर मौजूद थे। हालांकि, सोमवार को वकीलों ने कोई प्रदर्शन नहीं किया। मंगलवार के लिए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए हैं।



# एक अप्रैल से राज्य कर्मचारियों के लिए मानव संपदा पोर्टल हुआ अनिवार्य

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने राज्यकर्मियों के लिए 1 अप्रैल से मानव संपदा पोर्टल पर ही एपीआर (वार्षिक संपत्ति विवरण) और एसीआर (वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट) ऑनलाइन भरना और छुट्टी के लिए आवेदन करना अनिवार्य कर दिया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि 17 जनवरी को शासनादेश जारी करते हुए इसे अनिवार्य किया गया था। इसके बाद भी देखने में आया है कि इसका पालन अनिवार्य रूप से नहीं किया जा रहा है, इसीलिए 1 अप्रैल से मानव संपदा पोर्टल पर सर्विस बुक भरना, छुट्टी, वार्षिक संपत्ति विवरण (एपीआर), वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर), वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर), वेतन आहरण, कार्यमुक्ति व कार्यग्रहण करने का काम अनिवार्य रूप से ऑनलाइन किया जाएगा। मेरिट बेस्ड ऑनलाइन स्थानांतरण के संबंध में यथा समय स्थानांतरण नीति के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

**आउटसोर्स कर्मियों का जल्द निर्धारित हो मानदेय**



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मुख्य सचिव से आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय के बारे में जल्द निर्णय करने व कर्मचारियों की लंबित मांगों पर निर्णय की मांग की है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय निश्चित किए जाने के संबंध में जल्द ही प्रस्ताव कैबिनेट में भेजा जाएगा। परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी व महामंत्री अरुणा शुक्ला के नेतृत्व में सोमवार को पदाधिकारियों ने मुख्य सचिव से मुलाकात की और उनको होली की शुभकामनाएं देते हुए कर्मचारियों के लिए सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की। इसके बाद पदाधिकारी मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद से भी मिले।

# शिक्षक छात्राओं को दिखाता था अश्लील फिल्में

## परिजनों की तहरीर पर पॉक्सो व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

### जांच में प्रथम दृष्टया बच्चों के साथ दुर्व्यवहार व छेड़खानी का आरोप सही पाया गया है। तत्काल प्रभाव से सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।



अभिभावकों की तहरीर पर सहायक शिक्षक के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच कराई जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।
**- घनश्याम चौरसिया, एसपी श्रावस्ती**

**श्रावस्ती।** छात्राओं को ब्लू फिल्म दिखाने के आरोप में प्राथमिक विद्यालय संतलिया के सहायक शिक्षक प्रभाकर श्रीवास्तव को सोमवार को निलंबित कर दिया गया। वहीं, सिरसिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

आरोप है कि सहायक शिक्षक ने पहले पांच मार्च को विद्यालय की एक छात्रा को कक्षा कक्ष में अकेले बुलाकर ब्लू फिल्म दिखाई। छात्रा ने परिजनों से शिकायत की। तब शिक्षक ने माफी मांगकर किसी तरह से मामले को सुलझाया। 12 मार्च को फिर उसने दूसरी छात्रा को ब्लू फिल्म दिखाई। सोमवार को परिजनों के विरोध के बाद बीएसए ने बीईओ गिलौला के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच कराई तो आरोप प्रथम दृष्टया सही मिले। इस पर सहायक शिक्षक प्रभाकर श्रीवास्तव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए बीईओ गिलौला अखिलेश कुमार को जांच अधिकारी नामित कर दिया। वहीं, सिरसिया पुलिस ने दोनों छात्राओं के परिजनों की तहरीर पर पॉक्सो व आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सही पाया गया है मामला :** जांच में प्रथम दृष्टया बच्चों के साथ दुर्व्यवहार व छेड़खानी का आरोप सही पाया गया है। तत्काल प्रभाव से सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।

# सीमा हैदर बनीं मां : सचिन को मिली पहली संतान

## ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में पाकिस्तानी भाभी ने दिया बेटी को जन्म




**रबूपुरा/ग्रेटर कैलाश।** पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर ने मंगलवार सुबह एक बच्ची को जन्म दिया। यह खुशखबरी ग्रेटर नोएडा के कृष्णा अस्पताल से आई, जहां सीमा ने सुबह 4 बजे बेटी को जन्म दिया। मां और नवजात दोनों स्वस्थ हैं।

सीमा हैदर जो 2023 में अपने प्रेमी सचिन मीणा के पास पाकिस्तान से भारत आई थीं। तब से सुर्खियों में रही हैं। उनके प्रेम और संघर्ष की कहानी को लेकर देशभर में चर्चा होती रही है।

अब उनके घर नए मेहमान के आगमन की खबर ने एक बार फिर उन्हें चर्चा का विषय बना दिया है। सीमा को सोमवार को प्रसव पीड़ा हुई थी। जिसके बाद सचिन और उनका परिवार उन्हें ग्रेटर नोएडा के कृष्णा अस्पताल लेकर पहुंचे।

डॉक्टरों की देखरेख में मंगलवार तड़के 4 बजे उन्होंने स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। परिवार का कहना है कि जच्चा और बच्चा दोनों ठीक हैं और जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। वह बेटी के जन्म से वे बहुत खुश हैं।

**बेटी का जन्म परिवार के लिए एक नया अध्याय :** इसे भगवान का आशीर्वाद मानते हैं। बेटी का जन्म परिवार के लिए एक नया अध्याय है। उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। सचिन और सीमा ने अभी तक अपनी नवजात बेटी के नाम का खुलासा नहीं किया है, लेकिन परिवार के करीबी सूत्रों के अनुसार वह जल्द ही एक पारिवारिक समारोह में बच्ची का नामकरण करेंगे।

**सीमा हैदर के बच्चे को दिलाएंगे भारतीय नागरिकता :** पुत्री के जन्म से पहले सीमा हैदर की गोदभराई की रस्म भी पूरी हुई थी। जिसमें पूरा परिवार सम्मिलित हुआ था। वहीं सीमा हैदर के अधिवक्ता और मोह बोले भाई पहले ही कह चुके हैं कि सीमा हैदर के बच्चे को भारतीय नागरिकता दिलाएंगे।

**पाकिस्तान के सिंध प्रांत की रहने वाली हैं सीमा :** बच्चे को भारतीय नागरिकता ही मिलेगी। गौरतलब है कि सीमा हैदर पाकिस्तान के सिंध प्रांत की रहने वाली हैं। 2023 में वे अवैध रूप से नेपाल के रास्ते भारत आईं और अपने प्रेमी सचिन मीणा के साथ ग्रेटर नोएडा में बस गईं।

### दिल्ली के बीच बाजार में गन प्वाइंट पर 80 लाख की लूट

नई दिल्ली। दिल्ली के लाहौरी गेट थाना इलाके में एक अंगड़िया व्यापारी से लगभग 80 लाख रुपये की लूट का मामला सामने आया है। बदमाश ने पहले फायरिंग की और फिर रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। घटना हवेली हैदर कुली चांदनी चौक की है। लूट की पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई।

**GHAZIABAD MUNICIPAL CORPORATION**
Navyug Market, Opp. Old Bus Stand, Ghaziabad 201001, Uttar Pradesh
E-mail: gzb.nagar.nigam@gmail.com Website : www.ghaziabadnagarnigam.in

निविदा नोटिस संख्या:1459 / स्वा0 / 2024–25 दिनांक : 18.03.2025

**Short Term E-Tender**

| | |
|---|---|
| Name of the Project | REQUEST FOR PROPOSAL FOR INTEGRATED MECHANICAL & MANUAL SWEEPING OF MAIN ROADS AT GHAZIABAD (200 LINEAR KM.) |
| Date of Publication of e-Bid notice | 19.03.2025 on e-Tender Portal https://etender.up.nic.in |
| Last date for submission of eBids on eTender portal | 26-03-2025 2:00 P.M. |
| Pre Bid meeting Date & venue | 22.03.2025 12:00 PM Ghaziabad nagar Nigam Head Office, Navyug Market Ghaziabad |
| E-Bid Inviting Officer | Municipal Commissioner, Ghaziabad Municipal Corporation |
| Date of Opening of Technical eBids | 26-03-2025 4:00 P.M |
| Date of Opening of Financial e-Bids | To be informed at a later stage |
| Venue of Opening of eBids | Ghaziabad Municipal Corporation Navyug Market, Opp-Old Bus Stand Ghaziabad, – 201001 (UP) |
| Contact email | gzb.nagar.nigam@gmail.com |
| Consortium/JV | Not allowed |
| Tender Fee: | RRs. 10,000 + 18% GST Total 11,800/- to be paid on E-tender website i.e. https://etender.up.nic.in |
| EMD: | Rs. 51,40,000/- to be paid on E-tender website i.e. https://etender.up.nic.in |

Municipal Commissioner
Municipal Corporation Ghaziabad

**NAME CHANGED**

I Neeva Jain daughter of Prabhash Chandra Jain, address D-2/25 Kaka Nagar, New Delhi, South Delhi Pin- 110003, Delhi, have changed my minor daughter's name from Devanya Mishra to Devanya for all future use.

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र महताब व पुत्रवधू रुकैया को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

प्रार्थी
रहमत अली पुत्र अहमद
निवासी-ग्राम देहरा
थाना- धौलाना,
जिला-हापुड़ ,उत्तर प्रदेश

**विज्ञप्ति**

टॉस्क फोर्स 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद के गेट नं0-3 में बनी दुकान को मिल्क डेयरी के लिए दिनाँक 01.04.2025 से दिनॉक 31.03.2026 तक की अवधि के लिये टेण्डर दिनांक 28-03-2025 को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित किये जायेगें। टेण्डर उसी दिन दोपहर बाद खोले जायेगें। टेण्ड डालने वाले ठेकेदार अधिक जानकारी सेनानायक टास्कफोर्स 47वीं पीएसी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।
पत्रांक व-06/2024 (विविध)
दिनांक मार्च 19,2025

सेनानायक
टॉस्क फोर्स 47वीं पीएसी गाजियाबाद।

**विज्ञप्ति**

टॉस्क फोर्स 47 पीएसी गाजियाबाद में वाहिनी परिसर स्थित 50 बीघा जमीन को 01 वर्ष (दिनॉक 01.04.2025 से दिनॉक 31.03.2026 तक) की अवधि के लिये कृषि कार्य हेतु ठेके पर दिये जाने के लिये टेण्डर दिनॉक २८-03-2025 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित किये जायेगें। टेण्डर तद्‌दिनॉक को ही समय 14:00 बजे खोले जायेगें। टेण्डर डालने वाले ठेकेदार अधिक जानकारी के लिये वाहिनी कार्यालय में किसी कार्यदिवस में सम्पर्क कर सकते है।
पत्र संख्या- ठ-02/2024
दिनांक मार्च, 2025

सेनानायक
टॉस्क फोर्स 47वीं पीएसी गाजियाबाद।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...







# एक माह में हो जाएगी उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन की शुरुआत : नगरायुक्त

## 21000 में बनेंगे आजीवन और 11000 में विशेष सदस्य

### उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन को संचालित करने के लिए समिति का होगा गठन








**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा उत्तरांचल भवन और पूर्वांचल भवन बनाए गए हैं। इसके संचालन के लिए उत्तरांचल समाज और पूर्वांचल समाज की समितियों के साथ बैठक की गई है। बैठक नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक की अध्यक्षता में हुई। साथ ही अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में एक माह के भीतर दोनों भवनों को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए प्लान बनाया गया है। तो वहीं इन भवन को चलाने के लिए जो समिति बनाई जाएगी, उसके सदस्य भी बनाए जाएंगे। उनकी सदस्यता रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा। साथ ही 21 हजार रुपये देकर इसका आजीवन सदस्य बन जा सकता है। तो वहीं 11 हजार रुपये में विशेष और 5100 में सामान्य सदस्य बनाए जाएंगे। निर्धारित सुविधा शुल्क देकर सदस्यों को जोड़ा जाएगा ताकि इसे बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके।

### ऐसे बन सकते हैं उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन सामाजिक समिति के सदस्य

**करंट क्राइम :** डॉ संजीव द्वारा बताया गया कि नगर आयुक्त के निर्देशानुसार उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन सामाजिक समिति की सदस्यता ग्रहण करने के लिए कार्यवाही प्रारंभ की जा चुकी है। जिसमें सोसाइटी एक्ट की धारा- 1860 के अंतर्गत रजिस्टर्ड सदस्यता ग्रहण करने हेतु रजिस्ट्रेशन प्रपत्र दिए गए है। जिसमें आधार कार्ड सभी विवरण के साथ दिया जाना है। वहीं आजीवन सदस्य के लिए 21000, विशेष सदस्य के लिए 11 000 और सामान्य सदस्य के लिए 5100 सदस्यता शुल्क के रूप में जमा किया जाएगा। इसको स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नवयुग मार्केट गाजियाबाद के अकाउंट नंबर 43771037614 में पूर्वांचल भवन हेतु जमा किया जाएगा। साथ ही अकाउंट नंबर 43771101412 उत्तरांचल भवन हेतु जमा किया जाएगा। बैंक अकाउंट खोला जा चुका है। इसमें इच्छुक व्यक्ति पत्र भरकर निर्धारित सदस्यता शुल्क संबंधित बैंक खाता में जमा कराकर गाजियाबाद नगर निगम पूर्वांचल भवन के साथ ही उत्तरांचल भवन सामाजिक समिति में सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं।

### बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर हुई चर्चा

**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त और नगर निगम की संयुक्त कोशिश है कि उत्तरांचल और पूर्वांचल भवन उपयोग में ले जाएं। इसके लिए समिति गठन की प्लानिंग नगर निगम कर रहा है। साथ ही पूर्वांचल व उत्तरांचल जन्म कल्याण परिषद और उत्तराखंड समाज के लोगों को भी इसमें जोड़ा जा रहा है। मंगलवार को हुई बैठक में पुरवइया जन कल्याण परिषद से राकेश तिवारी राष्ट्रीय महासचिव, रीता सिंह अध्यक्ष पुरवइया जन कल्याण समिति, पंचवटी से वीरेंद्र कुमार मिश्रा, उत्तराखंड विकास समिति से सचिदांनंद शर्मा व उत्तराखंड व पुरवइया समाज की समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# मेरठ रोड स्थित भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा को भव्य रूप देगा निगम





### आरआरटीएस अधिकारियों के साथ नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक बनाएंगे कार्य योजना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड के सौंदर्यकरण तथा मेरठ रोड तिराहे पर स्थित चौधरी चरण सिंह पुस्तकालय के जीर्णोद्धार के लिए गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर सभी दलों के नेताओं तथा शहर के प्रमुख निवासियों ने नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात की गई जिसमें आरआरटीएस के द्वारा मेरठ रोड पर किए जा रहे सौंदर्य करण के कार्य में तेजी तथा भव्यता प्रदान करने के लिए चर्चा की गई। मौके पर नरेंद्र कुमार चौधरी मुख्य अभियंता निर्माण भी उपस्थित रहे जिनको नगर आयुक्त द्वारा निरीक्षण करते हुए दो दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया साथ ही कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए।

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि मेरठ रोड तिराहे पर रैपिड रेल टीम के द्वारा कार्य किया जा रहा है जिसमें शहर वासियों द्वारा मेरठ रोड तिराहे को भव्यता प्रदान करने की मांग की जा रही है जिसमें भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा को भी भव्यता देने के लिए मांग की जा रही है जिस पर नगर आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मौके पर निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, मेरठ रोड तिराहे पर स्थित चौधरी चरण सिंह पुस्तकालय का भी नया स्वरूप देने की मांग की जा रही है जिसका सभी दलों के नेताओं द्वारा ज्ञापन दिया गया है।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सर्व वर्ग के नेता हैं जिनके सम्मान में कई शहर वासियों द्वारा बार-बार मेरठ रोड तिराहे बनी चौधरी चरण सिंह की मूर्ति को भव्यता तथा सुंदरता प्रदान करने की मांग की जा रही है। इसी क्रम में आज भी समाज के लोगों ने मुलाकात की जिस पर जनप्रतिनिधियों के विशेष सहयोग से कार्यवाही अमन में लाई जाएगी। संबंधित टीम को मौके पर निरीक्षण करने तथा आरआरटीएस के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

मौके पर लोक दल के नेता अरुण चौधरी भुल्लन, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, चौधरी तेजपाल सिंह, कांग्रेस के नेता विजय चौधरी भाजपा के नेता प्रताप चौधरी समाजवादी पार्टी के नेता आनंद चौधरी, सुनील चौधरी पूर्व पार्षद, सुभाष चौधरी पार्षद, नवीन चौधरी, भूपेंद्र बॉबी, अजय प्रमुख, मनोज चौधरी, अरविंद बालियान, अरविंद तेवतिया, रॉकी चौधरी, धर्मेंद्र चौधरी, देवेंद्र मलिक, सनी चौधरी, विक्रांत चौधरी, संदीप चौधरी, रविंद्र चौधरी, नरेंद्र सिंह वीरवाल, सागर चौधरी, मोहित मलिक, सुरेंद्र चौधरी, विनीश चौधरी, सोनवीर सिंह, मनोज डागर, विशाल चौधरी, डॉ राकेश सिरोही, सौरभ डागर, अरुण तेवतिया, सुनील चौधरी जटवाड़ा आदि लोग उपस्थित रहे।

# कंबोडिया दल का गाजियाबाद में हुआ भव्य स्वागत

## मिला गार्ड ऑफ ऑनर और विद्यार्थियों ने किया टीका लगाकर सम्मान

### कंबोडिया के 40 सिविल सेवकों ने जिला प्रशासन से लिया प्रशिक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भारत में आने वाले विदेशी नागरिकों का पहुंचने पर भारतीय संस्कृति और अतिथि देवो भव की नीति पर स्वागत किया जाता है। ऐसा ही नजारा मंगलवार को गाजियाबाद जिला प्रशासन परिसर और सभागार में देखने को मिला। यहां कंबोडिया से सिविल सेवकों का 40 सदस्यों वाला दल सार्वजनिक नीति और शासन के कार्यों की अधिकारियों से जानकारी लेने पहुंचा था। उनके यहां पहुंचने पर विकास भवन पर पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सिविल सेवकों का सम्मान किया गया। तो वहीं जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल के नेतृत्व में कंबोडिया से आए दल का स्वागत हुआ। तो वहीं भारतीय संस्कृति के तहत नेहरू वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने भागवत गीता पुस्तक कंबोडिया ग्रुप की प्रत्येक सदस्य को भेंट की उनके टीका लगाकर स्वागत भी किया गया। वहीं दिनभर चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनकी कई तरीके के कार्यक्रम करवाए गए।









### पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी रहे मौजूद

**करंट क्राइम :** कंबोडिया से आए दल के सिविल सेवकों का जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्वागत किया। तो उनको यहां के वर्किंग स्टाइल के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके साथ ही किस तरीके से प्रशासनिक अधिकारियों के सामने आने वाली शिकायतों और समस्याओं का समाधान होता है, इस विषय में भी विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा राजस्व विकास कार्यों सहित अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। तो वहीं एडीएम सिटी गंभीर सिंह द्वारा प्रशासनिक स्तर पर उनको अवगत कराया गया। एसडीएम निखिल द्वारा तहसील स्तरीय और एसीपी लिपि नगायच द्वारा पुलिस विभाग से संबंधित कार्यों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारियां के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### गरीबों के उत्थान और महिला-बच्चों की सुरक्षा पर अधिकारियों ने दिए जवाब

**करंट क्राइम :** कंबोडिया से आए ग्रुप के सदस्यों ने सरकार प्रशासन द्वारा वृद्ध बेसहारा असहाय लोगों की मदद, युवाओं को बेरोजगारी दूर करने और रोजगार में सहायता के साथ ही गरीबों का उत्थान ,महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, सहित अन्य बिंदुओं पर प्रशासनिक और पुलिस के अधिकारियों से प्रश्न पूछे। तो अधिकारियों ने भी संबंध पर विस्तार से उत्तर दिए और उनको बताया कि किस तरीके से काम किया जाता है। वहीं कंबोडिया टीम डॉ. संजीव नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस के साथ आई थी। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश, समाज कल्याण अधिकारी विकास दिग्विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# माहौल बिगाड़ने का प्लान बनाने वालों को पुलिस ने पहुंचाया जेल

## गौशाला में फेंका था मांस का टुकड़ा, पुलिस ने फेल किया गेम

### सिहानी गेट पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में होली के अवसर पर सिहानी गेट थानाक्षेत्र की फिजा खराब करने की साजिश रची गई थी। जिसका पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में एक नामी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी और उसके साथी को भी गिरफ्तार किया है। सिहानी गेट पुलिस ने खुलासा किया है कि आपसी रंजिश के चलते योगेश और शिवम नाम के लड़कों ने भाई ऋषभ के साथ मिलकर छाया शर्मा के कहने पर मांस को पहले हिंडन विहार से खरीदा और फिर सुनियोजित ढंग से इसे एक गौशाला में रखा और फिर गूगल से फोन नंबर सर्च कर हिंदू संगठनों को यह सूचना दी। मामले की जानकारी जब पुलिस को हुई तो पुलिस ने इसकी सर्विलांस और अन्य गोपनीय जांच की, जिसके बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने खुलासा करते हुए पूरे घटनाक्रम को साझा किया।



### डीसीपी ने कहा पुलिस ने गंभीरता से सॉल्व किया केस

**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने मंगलवार को पत्रकारों को जानकारी दी है कि जिस तरीके से गौशाला में मांस फेंक कर उसे अलग घटनाक्रम का रूप देने का प्रयास किया गया था, उसमें पुलिस ने बहुत ही बेहतर ढंग से जांच और साक्ष्य एकत्रित करते हुए माहौल खराब होने से रोका है। उन्होंने बताया है कि इस पूरे मामले में योगेश चौधरी और शिवम दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही पुलिस इनके अन्य साथियों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही है।

# आज के मुकाबले, पहले राजनीति करना था सरल : बालेश्वर त्यागी



**आज शायद राजनीति में पैसे का महत्व हो गया है। जिसके पास साधन हैं उसके लिए आगे बढ़ना एक बूस्टर डोज है।**

**अगर आप किसी राजनैतिक परिवार से हैं तो फिर आपको सरपट दौड़ने से कोई नहीं रोक सकता है। अगर आपकी जाति भी बड़ी है तो फिर सोने में सुहागा है। भाजपा में तो कई लोग संघ की पृष्ठभूमि का भी पूरा दोहन करते हैं।**

**एक समय तो ऐसा भी था जब व्यवसायी राजनीति के लिए अछूत था। धनपति का काम केवल धन देना है उसके लिए राजनीति दूर की कौड़ी थी। अक्सर उद्यमी राजनीति से दूर रहना श्रेयकर समझते थे। अब ये सारे मिथक टूट गए हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कई नौजवान आते हैं और पूछते हैं कि राजनीति करना पहले सरल था या अब सरल है। मुझे लगता है राजनीति पहले सरल थी। आम आदमी भी जो सामान्य परिवार से हो, उसकी कोई राजनैतिक पृष्ठ भूमि भी न हो ।उसके पास साधनों की बहुलता भी न हो, कोई बड़ा जातीय समीकरण भी न हो तो भी आदमी राजनीति में अपना कुछ न कुछ स्थान बना सकता था।

राजनीति में पहले जो प्रमुख काम थे, वे सेवा से प्रारम्भ होते थे। थाने कचहरी तहसील एसडीएम कलेक्टर कार्यालय में जाकर लोगों के कामों में उनकी सहायता करना ।आम आदमी अपनी बात ठीक से प्रस्तुत नहीं कर पाता था, उसे अफसर के सामने अपनी बात को सही ढंग से रखने के लिए एक व्यक्ति चाहिए था जो उसकी बात को रख सके और उसका कार्य हो सके। राशन कार्ड बनवाना, सीमेंट का परमिट लेना, बच्चे का स्कूल में दाखिला कराना। गरीब बच्चों की फीस माफ कराना। सरकारी अस्पताल में डाक्टर ठीक से मरीज को देख ले, इसमें मदद करना ।गाजियाबाद में तो दो ऐसे नेता थे जिन्होंने लोगों के छोटे छोटे कामों में उनकी मदद करके ऐसा सम्मान प्राप्त किया कि लोग उन्हें वोट भी देते थे और उनकी आर्थिक मदद भी करते थे। उनमें एक का नाम प्रभु दयाल शर्मा दयालु जी और दूसरे का नाम शिवनाथ भार्गव था।

लोग उनकी ईमानदारी और कर्मठता की कसमें खाते थे। दूसरे लोगों की समस्याओं को लेकर आंदोलन खड़े करना। एक तरफ प्रशासन पर दबाव बनाना और दूसरी तरफ जनता में अपने को जनता का हितैषी प्रमाणित करना उसका उद्देश्य होता था। ठेली पटरी झुग्गी झोंपड़ी को उजाड़ने के प्रशासन के अभियान का विरोध करना। ऐसे अनेक विषय होते थे जिनको लेकर शासन प्रशासन से संघर्ष भी होता था। आंदोलन करके जेल जाने तक के कार्यक्रम होते थे।आंदोलन कार्यकर्ता के प्रशिक्षण का प्रभावी माध्यम भी बनते थे। इसे सरल इसलिए बता रहा हूं कि ये काम व्यक्ति अपने शारीरिक श्रम से कर सकता था। गरीब आदमी भी ऐसे कार्य कर सकता था। इन्हीं गतिविधियों से व्यक्ति की राजनैतिक पहचान बनती थी। दूसरी पार्टियों की तो हमें पता नहीं लेकिन भाजपा में काम करने वाले को महत्व मिलता था। काम करने वाला कार्यकर्ता आगे बढ़ता था। जब भाजपा के पास साधनों का अभाव था तब भी साधनहीन कर्मठ कार्यकर्ता को भी महत्व मिलता था।

आज शायद राजनीति में पैसे का महत्व हो गया है। जिसके पास साधन हैं उसके लिए आगे बढ़ना एक बूस्टर डोज है। आज शायद उस तरह के कामों की आवश्यकता भी नहीं है जैसे काम पहले करने पड़ते थे।अगर आपके पास साधन हैं तो आपका राजनीति में आगे बढ़ने की पहली अहर्ता पूरी है। अगर आप किसी राजनैतिक परिवार से हैं तो फिर आपको सरपट दौड़ने से कोई नहीं रोक सकता है। अगर आपकी जाति भी बड़ी है तो फिर सोने में सुहागा है। भाजपा में तो कई लोग संघ की पृष्ठभूमि का भी पूरा दोहन करते हैं।

एक समय तो ऐसा भी था जब व्यवसायी राजनीति के लिए अछूत था। धनपति का काम केवल धन देना है उसके लिए राजनीति दूर की कौड़ी थी। अक्सर उद्यमी राजनीति से दूर रहना श्रेयकर समझते थे। अब ये सारे मिथक टूट गए हैं। भर्तृहरि का नीति शतक का श्लोक अक्षरशः सार्थक है -

***यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः***
***स पण्डितः स श्रुतवान गुणज्ञः।***
***स एव वक्ता स च दर्शनीयः सर्वे***
***गुणाः काञ्चनमाश्रयन्ते॥***

*अर्थ* - जिसके पास वित्त होता है, वही कुलीन, पण्डित, बहुश्रुत और गुणवान समझा जाता है। वही वक्ता और सुन्दर भी गिना जाता है।

## संपादकीय

# भारत व न्यूजीलैंड के बीच सहयोग

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों के दौर में भारत और न्यूजीलैंड के बीच सहयोग की जो नई संभावनाएं बनी हैं, वे कई लिहाज से महत्त्वपूर्ण हैं। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री की भारत यात्रा के दौरान सोमवार को दोनों देशों के बीच रक्षा, शिक्षा, खेल, बागवानी, वानिकी के क्षेत्रों में अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। वार्ता के बाद दोनों देशों के बीच पारस्परिक रूप से लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते की ओर कदम बढ़ाने का निर्णय लिया गया, ताकि आपसी व्यापार और निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा दिया जा सके। रक्षा और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत और संस्थागत बनाने के फैसले के तहत संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण के साथ-साथ रक्षा उद्योग में सहयोग की संभावनाएं बनाई जाएंगी। कूटनीति के समांतर सौहार्द के मोर्चे को भी मजबूत करने के लिए अगले वर्ष दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के सौ वर्ष पूरा होने का उत्सव मनाने का भी निर्णय लिया गया है।

अवैध तत्त्वों के खिलाफ न्यूजीलैंड सरकार ने कार्रवाई की आतंकवाद, अलगाववाद और कट्टरपंथ वैश्विक स्तर पर आज जटिल समस्या बन चुके हैं। ऐसे में सीमित स्तर पर ही सही, न्यूजीलैंड में कुछ अवांछित तत्त्व जिस तरह भारत के खिलाफ अपनी गतिविधियां चलाते रहे हैं, वह एक बड़ी चिंता का कारण रहा है। हालांकि ऐसे अवैध तत्त्वों के खिलाफ न्यूजीलैंड सरकार ने कार्रवाई की है, लेकिन अब इस मसले पर सहयोग को और मजबूत करने की कोशिश होगी। ऐसे में भारत और न्यूजीलैंड के बीच साझेदारी आतंकवाद के खिलाफ युद्ध की एक अहम कड़ी है। 12 घंटे बाद सूर्य देव करेंगे शनि के नक्षत्र में प्रवेश, इन राशियों की पलटेगी किस्मत, होगा आकस्मिक धनलाभ 6 हजार एकड़ में बसने जा रहा उत्तर प्रदेश में नया शहर, सरकार ने बनाया मास्टर प्लान 'जब तक अवमानना नोटिस जारी नहीं किया जाता, तब तक हमारे आदेशों का पालन', आखिर किस मामले में दिल्ली के गृह सचिव पर भड़का सुप्रीम कोर्ट अपनी ही आग में झुलस रहा पाकिस्तान, बलूच विद्रोही और आतंकवाद बनता जा रहा नासूर इसके अलावा, भारत और न्यूजीलैंड के बीच समूचे हिंद-प्रशांत जैसे बड़े क्षेत्र में सुरक्षा की स्थिति और इसके विकास में सहयोग के मुद्दे सहित रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से उपजे परिणामों के मसले पर पहले से संभावनाओं की तलाश जारी थी, लेकिन दोनों देशों के बीच हुई ताजा वार्ता के बाद सहयोग के मोर्चे पर तस्वीर ज्यादा साफ हुई है। भारत के लिहाज से यह समझौता इसलिए ज्यादा मायने रखता है कि फिलहाल वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले देशों के बीच जिस स्तर की कूटनीतिक खींचतान चल रही है, उसमें भारत के लिए अपनी स्थिति को अलग-अलग स्तर पर मजबूत करना वक्त का तकाजा है।

## राज्यसभा में अश्विनी वैष्णव बोले

# भारत में रेलवे किराया पड़ोसी देशों से कम



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत में रेल किराया पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों से कहीं कम है। उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान की तुलना में अब तक रेल हादसों में 90 प्रतिशत की कमी आई है। 2025-26 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर बहस का जवाब देते हुए वैष्णव ने कहा कि राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर कोविड महामारी की कठिनाइयों से उभरकर अपने खर्चों को पूरा करने में सक्षम हो गया है। महाकुंभ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर बोलने की अनुमति नहीं दिए जाने को लेकर विपक्ष के शोरगुल के बीच मंत्री ने कहा कि रेलवे ने स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए हैं और त्यौहारों के मौसम में कई विशेष रेलगाड़ियां चला रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सुरक्षा पर ध्यान दिए जाने के कारण, लालू प्रसाद के मंत्रालय संभालने के समय की तुलना में दुर्घटनाओं में 90 प्रतिशत की कमी आई है। वैष्णव ने कहा, अगर हम पड़ोसी देशों से तुलना करें तो हमारे यहां किराया बहुत कम है। 350 किलोमीटर की यात्रा के लिए भारत में किराया 121 रुपये, पाकिस्तान में 436 रुपये, बांग्लादेश में 323 रुपये और श्रीलंका में 413 रुपये है। मंत्री ने कहा कि यूरोपीय देशों में कीमतें पांच गुना से भी अधिक हैं।

रेलवे के लिए बजट को ऐतिहासिक बताते हुए वैष्णव ने कहा कि राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर को कोविड महामारी के दौरान काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा और अब यह उससे उबरकर स्वस्थ स्थिति में है। उन्होंने बताया कि रेलवे अब अपना लगभग सारा खर्च अपनी आय से पूरा कर रहा है। मंत्री ने छुट्टियों के दौरान विशेष रेलगाड़ियां चलाने सहित भीड़ के प्रबंधन के लिए अपने मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, पिछले साल होली के दौरान हमने 604 विशेष रेलगाड़ियां चलाईं, पिछली गर्मियों के दौरान 13,000 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गईं और दिवाली तथा छठ के दौरान 8,000 ऐसी रेलगाड़ियां चलाई गईं। महाकुंभ के दौरान 17,330 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गईं और इस साल होली के दौरान 1,160 विशेष रेलगाड़ियां चलाई गईं। पिछले महीने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुखद भगदड़ को याद करते हुए वैष्णव ने कहा कि कई स्थायी कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें 60 स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाना, सीसीटीवी कैमरे लगाना, वॉर रूम और फुटओवर ब्रिज बनाना आदि शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत शीर्ष तीन लोडिंग देशों में शामिल है।

### लालू प्रसाद के कार्यकाल की तुलना में रेल हादसे घटे

उन्होंने कहा, लालू प्रसाद के कार्यकाल में एक वर्ष में लगभग 234 दुर्घटनाएं और 464 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, यानी प्रति वर्ष लगभग 700। ममता बनर्जी के कार्यकाल में 165 दुर्घटनाएं और 230 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, जिससे दुर्घटनाओं की संख्या प्रति वर्ष 395 हो गई और मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यकाल में 118 दुर्घटनाएं और 263 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, जिससे दुर्घटनाओं की कुल संख्या 381 हो गई। वैष्णव ने यह भी कहा कि कवच का बड़े पैमाने पर 10,000 इंजनों और 15,000 किलोमीटर पर परिचालन किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया

वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया और नई तकनीक और निवेश लाया, और अब यह घटकर 30 दुर्घटनाएं और 43 ट्रेनें पटरी से उतर गईं, जो पहले की अवधि से 90 प्रतिशत कम है और 2014-15 की तुलना में 80 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि रेलवे ने 2020 से किराए में कोई बढ़ोतरी नहीं की है और तब से किराए में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

# टैरिफ वार के बीच देश का व्यापार घाटा साढ़े तीन साल में सबसे कम, आयात दो साल में सबसे कम

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में टैरिफ वार के बीच आयात में गिरावट से देश का व्यापार घाटा फरवरी, 2025 में कम होकर 14.05 अरब डॉलर रह गया। यह अगस्त, 2021 के बाद इसका साढ़े तीन साल का निचला स्तर है। खास बात है कि व्यापार घाटा अर्थशास्त्रियों के 21.65 अरब डॉलर के पूर्वानुमान से काफी कम है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक,



पेट्रोलियम कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक अनिश्चितताओं की वजह से भारत से वस्तुओं का निर्यात लगातार चौथे महीने घटकर 36.91 अरब डॉलर रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 41.41 अरब डॉलर रहा था। इस अवधि में आयात भी घटकर करीब दो साल के निचले स्तर 50.96 अरब डॉलर पर आ गया। यह अप्रैल, 2023 के बाद सबसे कम आयात है। फरवरी, 2024 में कुल 60.92 अरब डॉलर का आयात किया गया था।

चार महीनों (नवंबर, 2024-फरवरी, 2025) में वस्तुओं के निर्यात में मूल्य के लिहाज से गिरावट देखी गई। जनवरी में 36.43 अरब डॉलर का निर्यात किया गया, जो एक साल पहले के 37.32 अरब डॉलर से कम है। दिसंबर में यह घटकर 38.01 अरब डॉलर और नवंबर में 32.11 अरब डॉलर रह गया। व्यापार घाटे का आंकड़ा अगस्त, 2021 के बाद से सबसे निचले स्तर पर आने के बारे में पूछे जाने पर एक अधिकारी ने कहा, ये त्वरित अनुमान हैं। हम आयात में इस गिरावट के विवरण की जांच कर रहे हैं।

### 11 महीने में 6.24 फीसदी बढ़ा निर्यात

चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों (अप्रैल-फरवरी) में वस्तु-सेवा निर्यात 6.24 फीसदी बढ़कर 750.53 अरब डॉलर पहुंच गया। 2023-24 की समान अवधि में देश से 706.43 अरब डॉलर का निर्यात किया गया था।

### शीर्ष-5 निर्यात गंतव्य, जापान को सर्वाधिक वृद्धि

मूल्य के लिहाज से जिन पांच देशों को फरवरी में भारत से सबसे ज्यादा वस्तुओं का निर्यात किया गया, उनमें अमेरिका (9.1 फीसदी), संयुक्त अरब अमीरात (5.19 फीसदी), यूके (12.47 फीसदी), जापान (21.67 फीसदी) और नीदरलैंड (3.68 फीसदी) शामिल हैं।

## कोरोना और 2008 पर भारी व्यापार युद्ध

# एफआईआई ने निकासी के तोड़े रिकॉर्ड 1.53 लाख करोड़ रुपये के बेचे शेयर

**नई दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से निकासी के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इसकी प्रमुख वजह व्यापार युद्ध गहराने की आशंका है, जिस कारण निवेशकों ने कोरोना में बाजार में औंधे मुंह गिरावट और 2008 में वैश्विक मंदी को भी पीछे छोड़ दिया है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के समाप्त होने में 13 दिन बाकी हैं, फिर भी इन निवेशकों ने शुद्ध रूप से 1.53 लाख करोड़ के शेयर बेच दिए हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष से पहले 1.40 लाख करोड़ की सबसे बड़ी निकासी 2021-22 में हुई थी। वित्त वर्ष 2008-09 के दौरान वैश्विक मंदी में 47,706 करोड़ रुपये निकाले गए थे। 2022-23 में 37,000 करोड़ के शेयर बेचे थे। हालांकि, इन निवेशकों ने 2020-21 में सबसे ज्यादा 2.74 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया था।



### जनवरी से अब तक 1.43 लाख करोड़ की बिकवाली

चालू कैलेंडर वर्ष की बात करें तो इसमें भी विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड निकासी की है। 2025 में जनवरी से अब तक कुल 1.43 लाख करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। इससे पहले 2022 में शुद्ध रूप से 1.21 लाख करोड़ और 2008 में 52,987 करोड़ रुपये की बिकवाली हुई थी, जबकि सबसे अधिक निवेश 2023 में 1.70 लाख करोड़ रुपये का रहा है। 2020 में 1.70 लाख करोड़ रुपये, 2012 में 1.28 लाख करोड़ और 2010 में 1.33 लाख करोड़ रुपये का भारी निवेश किया गया था।

### 1992-93 में भारत में आए थे एफआईआई

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने पहली बार 1992-93 में भारतीय शेयर बाजार में 13 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। 1993-94 में यह रकम बढ़कर 5,127 करोड़ रुपये हो गई थी। 1998-99 में पहली बार 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश हुआ।

# 'निवेश के लिए महाराष्ट्र को अलोकप्रिय बनाने की साजिश'

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को हटाने की कुछ दक्षिणपंथी संगठनों की मांग के बीच बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को कहा कि किसी की कब्र को नुकसान पहुंचाना सही नहीं है क्योंकि इससे राज्य में शांति और सद्भाव खराब हो रहा है। मायावती ने यह भी कहा कि सरकार को ऐसे उपद्रवी तत्वों के खिलाफ, खासकर हिंसा प्रभावित नागपुर में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। निवेश के लिए महाराष्ट्र को अनाकर्षक बनाने की साजिशः प्रियंका चतुर्वेदी शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने भी सोमवार को नागपुर में हुई हिंसा को लेकर देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि महाराष्ट्र को रणनीतिक रूप से निवेश के लिए अनाकर्षक बनाने की दिशा में ले जाया जा रहा है, ताकि पड़ोसी राज्य को फायदा उठाने में मदद मिल सके।



### किसी की कब्र या समाधि को नुकसान पहुंचाना या तोड़ना सही नहीं: मायावती

पुलिस ने नागपुर के महल क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में तलाशी अभियान के दौरान 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र में किसी की कब्र या समाधि को नुकसान पहुंचाना या तोड़ना सही नहीं है क्योंकि इससे वहां आपसी भाईचारा, शांति और सद्भाव का माहौल खराब हो रहा है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को ऐसे उपद्रवी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, खासकर नागपुर में, अन्यथा स्थिति बिगड़ सकती है , जो सही नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) नेता चतुर्वेदी ने महाराष्ट्र की महायुति सरकार पर निशाना साधा, जिसमें भाजपा, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार की एनसीपी शामिल है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- रेंडियर की आंखों की पुतलियाँ सर्दियों में नीले रंग में बदल जाती है, जिससे उन्हें कम रोशनी के स्तर पर देखने में मदद मिलती है।
- एक बिल्ली के प्रत्येक कान में बत्तीस मांसपेशियां होती हैं।
- मधुमक्खियाँ अपने पैरों से स्वाद ले सकती हैं, और माना जाता है कि शहद के पास एक शाश्वत शैल्फ जीवन है।
- कंगारू के पूर्वज पेड़ों में रहते थे। आज यहां आठ अलग-अलग प्रकार के वृक्ष कंगारू हैं।
- महिला कंगारूओं में तीन योनि होती हैं।
- हाथी 3 मील दूर तक पानी की गंध ले सकते हैं।
- पेंगुइन के पास घुटने भी होते हैं।
- सूर्य भालू की सभी भालू प्रजातियों में सबसे लंबी जीभ होती है – 8 से 10 इंच लंबी!
- बाघों को न केवल उनके फर पर पट्टियां होती हैं, बल्कि वे उनकी त्वचा पर भी होती हैं। दो बाघों में कभी भी एक जैसी ही पट्टी नहीं होती है।
- महिला कोमोडो ड्रेगन को पुनरुत्पादन के लिए एक पुरुष की जरूरत नहीं होती है।

## राशिफल

**मेष:** वैवाहिक लोगों को जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। खान-पान पर संयम रखकर आप अपने स्वास्थ्य को बेहतर रख सकते हैं।

**वृष:** आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। जिस काम को भी आप करने की सोचेंगे, उसे पूरा करके ही दम लेंगे और उससे आप को फायदा होगा।

**मिथुन:** ऑफिस में काम का बोझ अधिक होगा। साथ ही काम पूरा करने में किसी सहकर्मी की मदद भी मिलेगी। आपके करियर में अचानक कुछ बदलाव आयेंगे।

**कर्क:** आप अपने भविष्य के लक्ष्यों पर चर्चा कर सकते हैं। पारिवारिक एवं सामाजिक संबंध मजबूत होंगें। क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला असर देने वाला रहेगा। काम के सिलसिले में अधिक मेहनत करने का समय है। मानसिक रूप से मजबूत रहेंगे।

**कन्या:** अचानक धन लाभ के अवसर मिलेंगे। कोई इच्छा पूरी होने के योग बन रहे हैं। बहुत दिनों से कोई काम पूरा करने के बारे में सोच रहे हैं, तो काम पूरा होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

चोर ने एक आदमी को बाजार में घेर लिया
आदमी- मुझे घर जाने दो
चोर- तेरी जेब में जितना भी पैसा है, सब निकाल के दे दे।
आदमी- भाईसाहब जेब तो खाली है कहो तो पेटीएम कर दूं।

---

एक छोटे बच्चे ने अपनी मां से कहा – मां मैं इतना बड़ा कब हो जाउंगा कि आपसे बिना पूछे कहीं भी जा सकूं?
मां ने बहुत प्यार से कहा – बेटा अभी इतने बड़े तो तेरे पापा भी नहीं हुए है।

---

पिता- बेटा आज तक कोई ऐसा काम किया है जिससे मेरा सिर ऊंचा हुआ हो?
बेटा- जी हां पापा, एक बार आपके सिर के नीचे तकिया रखा था।
पिता जवाब सुन रह गए हैरान।

## 19 03 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



तनुश्री दत्ता (अभिनेत्री)



अयांश शर्मा, उर्वशी चौहान, मोनिका, नेहा गौड़



मदन मोहन सिंह, नरेन्द्र सिंह राणा, हितेश कुशवाह, राजेश राघव, कमल गुप्ता

अमित कसाना, राकेश प्रकाश, पवन कुमार, विपिन सिंह, अमन शर्मा

विनोद वर्मा, अमित गोयल, राहुल बैंसला, सतीश शर्मा, कमल

सूचना: आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता: आईटीबीपी के घुड़सवार राकेश कुमार अव्वल, आईटीबीपी भानु में आयोजन

**नई दिल्ली।** 43वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी प्रतियोगिता और घुड़सवार पुलिस ड्यूटी मीट-2025 में आईटीबीपी भानू में सोमवार को जांबाज घुड़सवारों ने दम दिखाया। इसमें पुलिस हॉर्स प्रतियोगिता में आईटीबीपी के अश्व अंबर के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, दूसरा स्थान दिल्ली पुलिस के अश्व तिलक के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल संदीप खटाना और तीसरा स्थान बीएसएफ के अश्व जसन के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल ध्रुव सिंह को मिला।

मेडल रिले प्रतियोगिता में सशस्त्र सीमा बल की टीम-बी के अश्व अप्पू के साथ घुड़सवार सुरेंद्र सिंह, अश्व रेवा के साथ घुड़सवार अमन पाठक और अश्व चैपिंयन के साथ घुड़सवार यशपाल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, दूसरा स्थान बीएसएसफ की टीम-ए के अश्व बिल्लू के साथ घुड़सवार कांस्टेबल दिनेश कुमार, अश्व समर प्लेस के साथ घुड़सवार हेड कांस्टेबल तेज प्रसाद जोशी और अश्व प्रेम के साथ घुड़सवार कांस्टेबल आकाश कुमार ने प्राप्त किया।



तीसरा स्थान चंडीगढ़ पुलिस की टीम-ए के अश्व किरण के साथ घुड़सवार प्रवीण, अश्व सम्राट के साथ घुड़सवार अमित कुमार और अश्व जूलिएट के साथ घुड़सवार चंद्र शेखर आजाद ने किया।

इस प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के घुड़सवारों ने भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न इवेंट्स में विजेताओं को पदक और पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर आईटीबीपी के महानिरीक्षक पीएमजी अशोक नेगी ने कहा कि यह प्रतियोगिता हमारे देश के घुड़सवारी के खेल के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और सुरक्षा बलों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देगी।

**मेडल रिले प्रतियोगिता में सशस्त्र सीमा बल की टीम-बी के अश्व अप्पू के साथ घुड़सवार सुरेंद्र सिंह, अश्व रेवा के साथ घुड़सवार अमन पाठक और अश्व चैपिंयन के साथ घुड़सवार यशपाल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया।**

## न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत

# 5 विकेट से हराया, टी-20 सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई

**न्यूजीलैंड।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। टीम ने दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान को 5 विकेट से हराया। डुनेडिन में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में मेजबान न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी।

कीवियों ने पाकिस्तान की टीम को 15 ओवर में 9 विकेट पर 135 रन पर रोक दिया। फिर 13.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर जीत के लिए जरूरी रन बना लिए। बारिश के कारण इस मुकाबले को 15-15 ओवर का कर दिया गया था। न्यूजीलैंड के टिम साईफर्ट प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।



स्थानीय समय के अनुसार मुकाबला दोपहर 2:15 बजे शुरू होना था, लेकिन टॉस से पहले बारिश आ गई। ऐसे में मुकाबला 3:30 बजे के बाद शुरू हो सका। न्यूजीलैंड के ओपनर्स की तेज शुरूआत 135 रन का टारगेट चेज करने उतरे न्यूजीलैंड के ओपनर्स ने तेजी से रन बनाए। टिम साईफर्ट और फिन एलेन की जोड़ी ने 28 बॉल पर 66 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। यहां से अगले 31 रन बनाने में टीम ने 4 विकेट गंवा दिए। साईफर्ट ने 45 और एलेन ने 38 रन बनाए।

मार्क चैपमैन ने एक और डेरिल मिचेल ने 14 रनों का योगदान दिया। आखिर में मिचेल हेय ने नाबाद 21 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचा दिया। हारिस रऊफ को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही ओपनर हसन नवाज का विकेट गंवा दिया। उन्हें जैकब डफी ने मार्क चैपमैन के हाथों कैच कराया। टीम ने 52 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए थे। कप्तान आगा सलमान (46 रन) के अलावा, कोई अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। शादाब खान ने 26 और शाहीन अफरीदी ने नाबाद 22 रन बनाए। न्यूजीलैंड से जैकब डफी, बेन सायरस, जिमी नीशाम और ईश सोढ़ी ने 2-2 विकेट लिए।

# पंजाब किंग्स के खिलाड़ी पहुंचे चंडीगढ़, पीसीए में पांच अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स से होगा मैच

**पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी की तरफ से मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम व धर्मशाला क्रिकेट मैदान को अपना होम ग्राउंड बनाया गया है। जिसके तहत मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में 4 मैच व धर्मशाला में 3 मैच खेले जाएंगे।**



**मुंबई।** पीसीए क्रिकेट स्टेडियम मुल्लांपुर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन के पहले मुकाबले का आगाज पांच अप्रैल को होगा। पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच होगा। इसके लिए खिलाड़ियों का सिटी ब्यूटीफुल में पहुंचना शुरू हो गया है।

पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी की तरफ से मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम व धर्मशाला क्रिकेट मैदान को अपना होम ग्राउंड बनाया गया है। जिसके तहत मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में 4 मैच व धर्मशाला में 3 मैच खेले जाएंगे।

पंजाब किंग्स की टीम पिछले दिनों धर्मशाला में अपना शिविर लगाने के बाद चंडीगढ़ पहुंच गई है। इनमें टीम में कुछ विदेशी खिलाड़ी भी जुड़ चुके है,बाकि के विदेशी खिलाड़ी एक दो दिन में शहर पहुंच जाएंगे। शहर पहुंचने वाले पंजाब किंग्स की टीम से कप्तान श्रेयर अय्यर के साथ अर्शदीप सिंह, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, हरप्रीत बराड़, मार्कस स्टोइनिस शामिल हैं। वहीं टीम के खिलाड़ियों ने सोमवार को पीसीए क्रिकेट स्टेडियम पहुंचकर अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया।

# महिला खिताब हटाने पर अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ ने स्पष्ट किया रुख; बोले- नहीं छीन सकते अधिकार

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) ने साफ कर दिया है कि उसका महिलाओं के खिताब (महिला ग्रैंडमास्टर आदि) हटाने का कोई इरादा नहीं है। फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की का कहना है कि ऐसा करना महिलाओं से उनके अधिकार छीनना और महिला प्रतिभाओं के साथ अन्याय होगा।

सुतोवस्की ने कहा, पिछले वर्षों में शीर्ष पर मौजूद महिला शतरंज खिलाड़ियों की रेटिंग में काफी गिरावट आई है, इसलिए उन्हें महिलाओं की इवेंट की जरूरत है, जिसमें खेल कर वह अपने में सुधार कर सकें। महिला शतरंज में पुरस्कार राशि बढ़ाए जाने के बावजूद महिला शतरंज लगभग 15 वर्ष पीछे है। पहले हमें 15 से 17 वर्ष की आयु में 2500 की रेटिंग वाली महिला खिलाड़ी मिल जाती थीं, लेकिन आज हमारे पास 17 से 18 वर्ष की आयु में 2400 की रेटिंग वाली दो खिलाड़ी मौजूद हैं।



### पोल्गर की मांग का वैशाली ने किया समर्थन

दिग्गज खिलाड़ी हंगरी की जूडिथ पोल्गर आवाज उठा रही हैं कि महिला शतरंज के खिताबों को खत्म कर देना चाहिए। उनका समर्थन भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने भी किया। उन्होंने कहा, महिला खिताब हटाने से महिलाओं को ग्रैंडमास्टर हासिल करने की ज्यादा प्रेरणा मिलेगी।

### ऐसे तो महिला शतरंज खत्म हो जाएगा

ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से का कहना है कि महिलाओं के खिताब हटाने से महिला शतरंज खत्म हो जाएगी। जूडिथ पुरुषों के साथ खेलती थीं। लेकिन उनकी बहन सुसान ने महिलाओं के साथ खेलना नहीं छोड़ा। वैशाली को जितने भी पुरस्कार मिले हैं, उनमें महिला शतंरज के खिताबों का योगदान है।

# राजस्थान रॉयल्स की क्या है सबसे बड़ी कमजोरी, जिसकी ओर आकाश चोपड़ा ने किया इशारा



**नई दिल्ली:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स की टीम की संरचना पर चिंता जताई है, उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या मेगा नीलामी के बाद टीम कमजोर हो गई है। अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में चोपड़ा ने बताया कि जोस बटलर, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन जैसे प्रमुख खिलाड़ियों से अलग होने के आरआर के फैसले ने उन्हें स्पष्ट रूप से खाली कर दिया है, जिसे पर्याप्त रूप से नहीं भरा गया है। चोपड़ा ने कहा, 'उन्होंने अपने चार सबसे बड़े खिलाड़ियों को खो दिया, लेकिन रिप्लेसमेंट पुरानी टीम के करीब भी नहीं हैं। शिमरन हेटमायर को छोड़कर यह पूरी तरह से भारतीय बल्लेबाजी लाइनअप है। आपने कोई विदेशी बल्लेबाज नहीं चुना, जो काफी आश्चर्यजनक है।' राजस्थान रॉयल्स ने नीलामी में जाने से पहले सैमसन, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और शिमरॉन हेटमायर को रिटेन किया था। हालांकि, काफी बड़ी रकम होने के बावजूद, उन्होंने कोई हाई-प्रोफाइल विदेशी बल्लेबाज नहीं चुना।

# सिंधू का सामना मालविका से, पुरुष एकल में लक्ष्य देंगे प्रणय को चुनौती; फॉर्म हासिल करने पर नजरें

**नई दिल्ली।** स्टार महिला बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू हो रहे 2,50,000 डॉलर इनामी राशि के स्विस ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की मालविका बंसोड़ से होगा। वहीं, लक्ष्य भी भारत के ही एच एस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं।

सिंधू ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में पहले ही दौर में हार गई थीं। वह हालांकि, 2022 में स्विस ओपन में खिताब जीत चुकी हैं। सिंधू पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में नहीं चल रही है और उनकी नजरें फॉर्म में वापसी पर टिकी होंगी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था।



लक्ष्य ऑल इंग्लैंड के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। सिंधू, किदांबी श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना और पुरुष युगल में सात्विक-चिराग खिताब जीत चुके हैं।

### ओलंपिक के बाद पहली बार भिड़ेंगे लक्ष्य-प्रणय

लक्ष्य और प्रणय की पेरिस ओलंपिक के बाद एक-दूसरे से पहली भिड़ंत होगी। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा, जबकि प्रियांशु राजावत स्विट्जरलैंड के कुएंजी से खेलेंगे। महिला एकल में आकर्षि कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी खेलेंगी। महिला युगल में त्रिसा और गायत्री गोपीचंद की भी मजबूत चुनौती रहेगी।

## राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तबीयत बिगड़ी

# हॉस्पिटल में कराया चेकअप; टीम के साथ प्रैक्टिस में नहीं हुए शामिल

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें जयपुर के जवाहर सर्किल स्थित ईएचसीसी हॉस्पिटल ले जाया गया। हॉस्पिटल सूत्रों के मुताबिक, उन्हें हाथ-पैर में दर्द और शरीर में कमजोरी महसूस हो रही थी, जिसके बाद उनका रूटीन ब्लड टेस्ट किया गया। टेस्ट रिपोर्ट में वायरल इन्फेक्शन की पुष्टि हुई है। सूत्रों ने बताया- सीनियर जनरल फिजिशियन ने उन्हें दवाइयां दी हैं। हॉस्पिटल में रुकने की जरूरत नहीं बताई। डॉक्टरों ने उन्हें होटल में ही आराम करने की सलाह दी है।

### टीम जयपुर में कर रही प्रैक्टिस

राजस्थान रॉयल्स की टीम इस समय आईपीएल की तैयारियों के लिए जयपुर में है। खिलाड़ी होटल मैरियट में ठहरे हुए हैं। रोजाना एसएमएस स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रहे हैं। कोच राहुल द्रविड़ के अंडर टीम की ट्रेनिंग हो रही है। आर्चर की तबीयत बिगड़ने के कारण वे प्रैक्टिस में शामिल नहीं हो सके।

आर्चर का सबसे यादगार प्रदर्शन 2019 विश्व कप में रहा। टूनार्मेंट से ठीक पहले इंग्लैंड टीम में शामिल हुए आर्चर ने टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। फाइनल में उन्होंने निर्णायक सुपर ओवर फेंका। चोटों ने उनके करियर को प्रभावित किया, लेकिन 2023 में वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 6-40 का अपना सर्वश्रेष्ठ वनडे प्रदर्शन किया।



### राजस्थान रॉयल्स में 12.50 करोड़ में खरीदा था

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने आईपीएल में अब तक 40 मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 48 विकेट लिए हैं। इस दौरान उन्होंने 199 रन भी बनाए हैं। उन्होंने 2018 में राजस्थान रॉयल्स से आईपीएल में डेब्यू किया था। 2020 में वह आईपीएल के मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर भी बने। 2023 में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने के बाद आईपीएल 2025 की नीलामी में एक बार फिर रॉयल्स से जुड़ गए। इस बार मेगा ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने 12.50 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा था।

### विश्वकप-2019 से पहले इंग्लैंड की टीम में हुए थे शामिल

बारबाडोस में 1 अप्रैल 1995 को जन्मे तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इंग्लैंड क्रिकेट के अहम खिलाड़ी हैं। आर्चर दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं और दाएं हाथ से बल्लेबाजी भी करते हैं। अपना करियर वेस्टइंडीज से शुरू करने वाले आर्चर ने 2014 में कैरेबियन अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन चोटों के कारण उनका करियर प्रभावित हुआ। 2015 में वह अपने पिता की ब्रिटिश नागरिकता के कारण इंग्लैंड चले गए और 2016 में ससेक्स के लिए डेब्यू किया।

# शादी में एमएस धोनी को देखा और उड़ गए होश... हरभजन सिंह ने खोला बड़ा राज, आईपीएल में इस वजह से माही की चलती है

**धोनी को देखकर हरभजन सिंह हैरान रह गए कि वे कितने फिट दिख रहे थे।**

**नई दिल्ली:** आईपीएल दुनिया का इकलौता ऐसा टूनार्मेंट है जहां क्रिकेट फैंस को अभी भी एमएस धोनी को खेलते देखने का मौका मिलता है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के दिग्गज खिलाड़ी एमएस धोनी 2025 सीजन में एक कड़ी ट्रेनिंग के बाद वापसी कर रहे हैं। धोनी अब सिर्फ आईपीएल में ही खेलते हैं, इसलिए 43 साल की उम्र में अपनी फिटनेस बनाए रखना एक मुश्किल काम है।

हाल ही में, भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह एक शादी में धोनी से मिले। धोनी को देखकर हरभजन सिंह हैरान रह गए कि वे कितने फिट दिख रहे थे। हरभजन ने धोनी से आईपीएल की तैयारी के बारे में सवाल पूछे। हरभजन ने बताया कि धोनी आईपीएल के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं और घंटों तक प्रैक्टिस कर रहे हैं। आकाश चोपड़ा ने भी धोनी के बैटिंग ऑर्डर को लेकर बात की। धोनी अक्सर खुद को नंबर 7 या 8 पर बैटिंग करने भेजते हैं क्योंकि वे अपनी क्षमता को अच्छी तरह समझते हैं। आकाश चोपड़ा ने कहा, 'वह अपने साथ बहुत ईमानदार हैं। इससे बहुत फर्क पड़ता है। क्यों? हम सब कहते रहते हैं कि उन्हें बैटिंग ऑर्डर में ऊपर आना चाहिए। लेकिन, उनके दिमाग में यह बात बैठ गई है कि मैं 40 गेंदें नहीं खेल सकता। अगर 12 ओवर बचे हैं और मैं बैटिंग करने आता हूं, तो मैं नहीं कर सकता। आपको लग सकता है कि मैं हिट कर पाऊंगा, लेकिन सच यह है कि मुझे पता है कि मैं नहीं कर पाऊंगा। उन्हें यह बात बहुत अच्छी तरह पता है कि वे क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। यह स्पष्टता है।'



### धोनी लगातार कर रहे प्रैक्टिस

उन्होंने कहा, 'वह जो एक-दो महीने से प्रैक्टिस कर रहे हैं, जितने ज्यादा गेंद आप खेलेंगे, आपको वह टाइमिंग, फ्लो और छक्के मिलेंगे। वह चेन्नई में हर दिन 2-3 घंटे बैटिंग करते हैं। वह इस उम्र में भी सबसे पहले ग्राउंड पर आते हैं और सबसे आखिर में जाते हैं। यही फर्क है।' आकाश चोपड़ा ने धोनी के ब20 लीग के प्रति नजरिए पर प्रकाश डाला। धोनी को बैटिंग ऑर्डर में ऊपर भेजने की बात होती रही है, लेकिन वे अक्सर खुद को नंबर 7 या 8 पर बैटिंग करने भेजते हैं। चोपड़ा ने बताया कि ऐसा क्यों है।

### धोनी की फिटनेस देख हैरान

हरभजन सिंह ने बताया कि धोनी की फिटनेस देखकर वे हैरान थे। उन्होंने धोनी से पूछा कि इस उम्र में यह सब करना मुश्किल नहीं है? धोनी ने जवाब दिया, 'हां, यह मुश्किल है, लेकिन यही एक चीज है जो मुझे पसंद है। मुझे इसमें खुशी मिलती है। मैं इसे करना चाहता हूं, बाहर जाना चाहता हूं और खेलना चाहता हूं।' जब तक भूख है, तब तक आप इसे कर पाएंगे। बिना क्रिकेट खेले यह मुश्किल है। हरभजन ने कहा, 'धोनी दिखा रहे हैं कि यह कैसे किया जाता है। वे दूसरों से बेहतर कुछ कर रहे होंगे। वे सिर्फ टिके नहीं हैं, वे सभी गेंदबाजों पर हावी हो रहे हैं।' हरभजन ने बताया कि धोनी चेन्नई में कैंप में शामिल होने के बाद से हर दिन 2-3 घंटे तक नेट्स में बैटिंग कर रहे हैं। वे सबसे पहले ग्राउंड पर आते हैं और सबसे आखिर में जाते हैं। हरभजन ने कहा कि यही बात उन्हें खास बनाती है।

# पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद की मौत

## ऑस्ट्रेलियाई क्लब मैच के समय मैदान पर गिरे; 41.7 डिग्री सेल्सियस पर 40 ओवर फील्डिंग की थी

**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटर जुनैद जफर खान की मौत हो गई। एडिलेड में हुई इस घटना में ऑस्ट्रेलियाई क्लब क्रिकेटर जुनैद की उम्र 40 साल थी। रिपोट्र्स के मुताबिक उनकी मौत तेज गर्मी की वजह से हुई।

शनिवार 15 मार्च को कॉनकॉर्डिया कॉलेज में प्रिंस अल्फ्रेड ओल्ड कॉलेजियंस और ओल्ड कॉनकॉर्डियंस के बीच मैच खेला जा रहा था। जुनैद ओल्ड कॉनकॉर्डियंस की तरफ से खेल रहे थे। मुकाबले के समय तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस था। बेहोश होकर मैदान पर गिरे रोजे पर रहे जुनैद ने गर्मी में करीब 40 ओवर फील्डिंग की।

मैच के समय शाम 4 बजे के करीब उनकी तबीयत खराब हुई और वे बेहोश होकर मैदान पर गिर पड़े। जिसके बाद उन्हें तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।



जुनैद ने ओल्ड कॉनकॉर्डियंस क्रिकेट क्लब के लिए करीब 7 ओवर बल्लेबाजी भी की थी। इस दौरान वे 16 रन बनाकर नाबाद रहे थे। जुनैद रमजान के दौरान रोजे पर थे जुनैद रमजान के दौरान रोजे रख रहे थे, लेकिन उन्होंने पूरे दिन पानी पिया। क्योंकि इस्लामिक नियमों के अनुसार अगर कोई व्यक्ति बीमार या अस्वस्थ महसूस करता है तो उसे रोजे के दौरान पानी पीने की अनुमति होती है। स्टार सदस्य की मौत से दुखी हैं: क्लब जुनैद के क्रिकेट क्लब ने दुख जताते हुए कहा, 'हम अपने एक स्टार सदस्य की मौत से बहुत दुखी हैं। मैच के दौरान अचानक उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्या हुई। पैरामेडिक्स की कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। उनके परिवार, दोस्तों और टीम के साथियों के साथ हमारी संवेदनाएं हैं।'

रिपोर्ट के अनुसार जुनैद टेक सेक्टर में काम करने के लिए 2013 में पाकिस्तान से एडिलेड आए थे। उनका क्रिकेट से काफी लगाव था और वह ऑस्ट्रेलिया में स्थानीय क्लब के लिए क्रिकेट खेलते थे।

# शिक्षाविद सेठ आनन्द स्वरूप माहेश्वरी की पुण्यतिथि का आयोजन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** शिक्षाविद स्व0 सेठ आनन्द स्वरूप माहेश्वरी की चालीसवीं पुण्यतिथि का आयोजन दुल्हन बैंकट हॉल में तुलसी राम माहेश्वरी सीनियर सैकेण्डरी पब्लिक स्कूल द्वारा किया गया। विनोद कुमार माहेश्वरी व पुष्पा माहेश्वरी द्वारा संयुक्त रूप से सेठ आनन्द स्वरूप माहेश्वरी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

नरेन्द्र माहेश्वरी, कुमुद माहेश्वरी, गौरव माहेश्वरी, राधिका माहेश्वरी, अंकुर माहेश्वरी, आशीष माहेश्वरी, परिवार के सभी सदस्यों व बच्चों द्वारा फूल चढ़ा दिवंगत आत्मा को नमन करके श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तुलसी संस्थापक एवं समाजसेवी सेठ आनन्द स्वरूप माहेश्वरी की पुण्य तिथि पर, सभी गणमान्य व सम्मानित लोगों द्वारा भी, इस अवसर पर पुष्प व फूल माला चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सोसाईटी के विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा भजन व सुविचारों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। श्रद्धांजलि सभा में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न गणमान्य व शिक्षाविदों ने भाग लेकर आन्नद स्वरूप को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर कहा कि उन्होनें मोदीनगर में पीबीएएस बॉयज इंटर कालिज, कन्या इंटर कालिज व तुलसी राम माहेश्वरी सीनियर सैकेण्डरी पब्लिक स्कूल की स्थापना कर, शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया। विनोद कुमार माहेश्वरी की प्रेरणा से गौरव माहेश्वरी द्वारा तुलसी राम माहेश्वरी सीनियर सैकेण्डरी पब्लिक स्कूल मुरादनगर की स्थापना की गई। इस अवसर पर यह भी उल्लेख किया गया, कि मानव जीवन में तीन पृष्ठ होते है। प्रथम पृष्ठ जन्म, द्वितीय पृष्ठ जिंदगी तथा तृतीय पृष्ठ मृत्यु है। इनमें द्वितीय पृष्ठ अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इस संसार में मनुष्य जैसा कर्म करता है।

वे सभी कर्म मृत्यु के बाद उसके साथ जाते है अर्थात वे सभी कर्म समाज में अविस्मरणीय होते हैं। आज की युवा पीढ़ी के लिए सेठ जी के अविस्मरणीय कर्म सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। कार्यक्रम के समापन के पश्चात तीनों स्कूल के प्रधान विनोद कुमार माहेश्वरीी द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य श्याम लाल, प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी व डॉ0 संगीता शर्मा के द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर डिजिटल तकनीक द्वारा विभिन्न प्राचीन चित्रों के माध्यम से उनकी स्मृति के लिए उनके द्वारा किए गए कार्यो को दशार्या गया। मंच का संचालन सरिता गुलाटी द्वारा किया गया। समाज के गणमान्य विद्वतजनों में सुभाष शर्मा, दिनेश माहेश्वरी, अनिल वशिष्ट, डॉ0 राजेन्द्र सिंह, डॉ0 अजय गुप्ता, ओंकार सक्सेना, अजय माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे। अन्त में मोदी इंटर कालिज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ0 दिनेश शर्मा द्वारा इस कार्यक्रम में उपस्थित आगन्तुकों का धन्यवाद किया।

# धोखाधड़ी के विवाद में मारपीट पिता-पुत्र समेत तीन को पीटा

## दो महिलाओं सहित 4 पर केस दर्ज



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के फ्रीगंज रोड पर एक परिवार ने धोखाधड़ी के विवाद में तीन लोगों को बुरी तरह पीट दिया। यह घटना मोहल्ला सराय चांद खां की है। पीड़ित रियाज अहमद कुरैशी ने बताया कि उनकी एक व्यक्ति से पुरानी जान-पहचान थी, जिसने उनके साथ धोखाधड़ी की थी।

रियाज ने 4 मार्च को एसपी से इस मामले की शिकायत की थी। नगर कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही थी। सोमवार को आरोपी के भाई शोएब ने बातचीत के लिए रियाज को घर बुलाया। रियाज अपने बेटे आफताब और एक अन्य पीड़ित प्रियांशु चौहान के साथ वहां गए। घटना में आरोपी की पत्नी नरगिस फारूकी, भाई शोएब, भांजे अमान और अलवीरा ने बिना किसी उकसावे के तीनों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी। इस हमले में तीनों को गंभीर चोटें आईं।

सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार, पीड़ित की शिकायत पर नरगिस फारूकी, शोएब शान, अमान और अलवीरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# हत्यारोपी को उम्रकैद की सजा

## ईंट से पीट-पीटकर की गई थी हत्या




## कोर्ट ने लगाया 25 हजार का जुमार्ना 3 आरोपी बरी

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के सिंभावली के गांव कुराना में 30 अगस्त 2014 को हुई गजपाल सिंह की हत्या के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय कोर्ट ने फैसला सुनाया है। न्यायाधीश ज्ञानेंद्र सिंह यादव ने मुख्य आरोपी विक्रांत उर्फ कप्तान को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

मामले के अनुसार, विक्रांत उर्फ कप्तान गजपाल सिंह को नहाने के बहाने ईश्वर की ट्यूबवेल पर ले गया था। वहां पर ईश्वर, रूस्तम उर्फ विशाल और राहुल उर्फ अभिषेक के साथ मिलकर गजपाल सिंह की ईंटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना को मृतक की भतीजी मीनू ने देखा, जो स्कूल से लौट रही थी।

न्यायालय ने विक्रांत को दोषी करार दिया मीनू ने घर जाकर अपने भाई योगेंद्र को बताया। जब योगेंद्र मौके पर पहुंचा, तब तक आरोपी गजपाल सिंह को छोड़कर भाग चुके थे। पीड़ित पक्ष ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने केवल विक्रांत के खिलाफ मामला दर्ज किया।

कोर्ट में सुनवाई के दौरान वादी पक्ष की मांग पर अन्य तीन आरोपियों को भी तलब किया गया। लंबी सुनवाई के बाद न्यायालय ने विक्रांत को दोषी करार दिया। उस पर 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अन्य तीन आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

# श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर का 72वां वार्षिक रथयात्रा महोत्सव मनाया



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर के 72 वें वार्षिक रथयात्रा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मंदिर से रथयात्रा निकाली गई। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सोसाइटी के अध्यक्ष स्वदेश जैन व महामंत्री संजय जैन ने संयुक्त रूप से जानकारी दी कि सोसाइटी एवं सकल जैन समाज की और से निकाली गई रथयात्रा से पूर्व रथयात्रा के लिए ख्वासी, सारथी, कुबेर व इंद्र के लिए बोली लगाई गई।

बोली में सर्वाधिक बोली के आधार पर खवासी महेशचंद जैन राजनगर वाले, सारथी सुशील जैन मवाना वाले, कुबेर सुनील जैन ब्रहमपुरी व चवर के लिये सतीशचंद जैन आनंद बिहार व अजय जैन फलैक्स वालो के नामों की घोषणा की गई। इस बार की रथ यात्रा में भारी संख्या में जयपुर सांगानेर से श्रद्धालु शामिल हुए। रथयात्रा महोत्सव के इस आयोजन में विधायक डॉ0 मंजू शिवाच व पालिका चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली ने भी शिरकत की ओर मंदिर समिति के लोगो ने दोनो अतिथियों का प्रतीक चिंह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सोसायटी के संरक्षक सुशील जैन मवाने वाले, अध्यक्ष स्वदेश जैन (जैन स्वीटस) महामंत्री संजय जैन बालवाड़ी स्कूल, उपाध्यक्ष संदीप जैन जयको वॉच कंपनी वाले, उपाध्यक्ष जयंती प्रसाद जैन दयापुरी उपाध्यक्ष विनय जैन कोयले वाले, उपाध्यक्ष महेश चंद जैन पुरातन छात्रो को विद्यालय गौरव सम्मान 2025 से किया गया सम्मानित आनंद विहार, उपाध्यक्ष सुनील जैन ब्रह्मपुरी, उपाध्यक्ष राजेंद्र जैन वर्धमान कन्फेक्शनरी, कोषाध्यक्ष सतीश चंद जैन आनंद विहार, मंत्री विपिन जैन, अजय जैन और मनीष जैन, मंत्री संजय जैन, अतुल जैन, प्रमोद जैन और प्रचार मंत्री नीरज जैन के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों मे सुशील जैन कोल्ड ड्रिंक्स वाले, दिनेश जैन सूत वाले, नवीन जैन तिबड़ा रोड, अमित जैन देवेंद्र पुरी, वैभव जैन व विकास जैन तिबड़ा रोड, पराग जैन सूरतपुरी और नीरज जैन तिबड़ा रोड वाले का सहयोग रहा।

# ग्रेटर नोएडा में शराब का सेवन कर युवक पहुंचा घर पिता की फटकार से नाराज होकर की आत्महत्या



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा में शराब का सेवन कर एक युवक अपने घर चला गया। शराब पीने की जानकारी मिलते ही युवक के पिता ने उसे जमकर फटकार लगा दी। उसके बाद युवक ने पिता के डांट के से नाराज होकर अपने आप को एक कमरे में बंद कर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामला थाना दादरी क्षेत्र का है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि अरविंद कुमार नामक एक व्यक्ति एनटीपीसी गेट के सामने स्थित कॉलोनी में किराये के मकान में परिवार के साथ रहता है। वह कैब चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। आरोप है कि 20 साल का उनका बड़ा बेटा ध्रुव शराब पीने का आदि था। रोजाना शराब पीकर घर आने से परिजन परेशान थे, घर आते ही वह परिजनों से लड़ाई-झगड़ा करने लगता था। बताया जा रहा है कि रात को भी वह शराब पीकर घर पहुंचा तो पिता ने जमकर फटकार लगा दी। इससे वह नाराज होकर उसने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया। इस दौरान चादर से उसने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर परिजनों ने कमरे की खिड़कियों से झांककर देखा तो वो फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी, जो अब मामले की जांच कर रही है।

## जिम ट्रेनर का शव चेंजिंग रूम में मिला, पुलिस कर रही जांच



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित शक्तिखंड दो स्थित फिटनेस वन जिम के ट्रेनर न्यायखंड-तीन निवासी गणेश शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव जिम के अंदर बने चेंजिंग रूम में पड़ा मिला। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार की देर रात करीब 10 बजे गणेश अपनी ड्यूटी पूरी करके जिम कर रहे थे। कुछ देर बाद वह चेंजिंग रूम में गए और काफी देर तक बाहर नहीं निकले। जिम मालिक नोएडा निवासी ओमप्रकाश और उनके अन्य कर्मचारियों ने दूसरे चेंजिंग रूम में से कूदकर दरवाजा खोला और गणेश को तुरंत उठाकर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने जिम ट्रेनर को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चल पाएगी।

# मोदीनगर में सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का विरोध कर ग्रामीणों ने काम रुकवाया

## डीएम ऑफिस पर प्रदर्शन की चेतावनी



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** मोदीनगर के पतला खिदौड़ा मार्ग पर सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने से ग्रामीणों में रोष फैल गया। सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर निर्माण कार्य रोक दिया और मजदूरों को वहां से हटा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क पिछले दस वर्षों से जर्जर स्थिति में है। कई बार आंदोलन के बाद अब निर्माण कार्य शुरू हुआ है। लेकिन निर्माण में इतनी घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है कि सड़क बनते ही उखड़ने लगी है।

स्थानीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने ग्रामीणों की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सड़क की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया तो वे जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे। विरोध प्रदर्शन में हिंदू युवा वाहिनी के निशांत त्यागी, राजदीप त्यागी, बबली त्यागी, प्रमोद त्यागी समेत मनीष, अंकित, नवीन, प्रदीप, हिमांशु और अभिषेक सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

# गोदाम की छत पर चढ़ा सांड

## नगर पालिका की टीम ने हाइड्रा मशीन से रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** शिवपुरी इलाके में एक सांड गोदाम की छत पर चढ़ गया। इससे पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई। मोहल्ले में स्थित एक गोदाम का दरवाजा खुला था। सांड अंदर घुस गया और सीढ़ियों से छत तक पहुंच गया। लोगों ने जब सांड को छत पर देखा, तो उनके होश उड़ गए। स्थानीय लोगों ने सांड को नीचे उतारने की कोशिश की। लेकिन सांड आक्रामक हो गया। डर के मारे कोई भी उसके पास नहीं जा पा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पहले चारा डालकर सांड को शांत करने की कोशिश की। इसके बाद लाठी-डंडों की मदद से उसे नीचे उतारने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। अंत में हाइड्रा मशीन की मदद से सांड को सुरक्षित नीचे उतारा गया। और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया।





# किस टू-स्टार पर हुई चौकी वाली कृपा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो यहां एक से बढ़कर एक ताकतवर और वर्किंग वाले टू-स्टार हैं, पर चर्चा इन दिनों सिटी में एक चौकी से हटे और वहां दूसरे को तैनात किया गया है। सुनने में आ रहा है कि होली के बाद कुछ सीन बिगड़ा और नदी के बराबर वाले थाने की खास चौकी को लेकर बदलाव वाला सीन हुआ है। उधर सूत्र बता रहे हैं जो टू-स्टार चौकी से हटे हैं उन्होंने दूसरे थाने में लिंक बना लिया है। वहीं सुनने में आ रहा है कि जल्द ही वो जोन बदलने के प्रयास में लगेंगे। बताया जा रहा है कि उनका इलाके वाले कोतवाल से सीन थोड़ा हॉट था और उनका मन भी चौकी से आउट हो रहा था। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि चौकी पर जो टू-स्टार आएं हैं, वो एक साहब के खास माने जाते हैं। तो वहीं सुनने में आ रहा है कि उनपर हुई कृपा को बजरंग बलि का आशीर्वाद माना जा रहा है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा है कि दो चौकियों की पोस्टिंग ऐसे आनन-फानन में हुई है कि इसकी जानकारी पुलिस कमिश्नरेट के कई बेहद खास माने जाने वाले एसीपी स्तर के अधिकारियों तक को नहीं लगी है। वैसे बताया जा रहा है कि चौकी से हटने और बदलाव वाले मामले के पीछे की वजह कुछ और भी बताई जा रही हैं। कोई इसे होली से जोड़कर रहा हे तो कोई इसे बोली से जोड़कर देख रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले गाजियाबाद सिस्टम में उन लोगों को भी थोड़ा संभलना चाहिए तो अपनी वर्किंग से आगे बढ़े हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट से लेकर अन्य सर्किलों में चर्चा है कि आने वाले दिनों में कुछ और टू-स्टार को लेकर सूचनाएं आने वाली हैं। इसी के साथ सुनने में आ रहा है कि मार्च के बाद फिर एक बार एसीपी स्तर पर साहब लोगों को वर्किंग के आधार पर प्लेस और रिप्लेस किया जाएगा। इसके लिए अंदर खाने नजर रखी जा रही है। वहीं बीते 24 घंटे में जो तबादले वाली लिस्ट आई हैं , उसका पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर कोई सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि सिटी जोन में जल्द ही चौकी प्रभारियों को लेकर बड़ी खबर सुनाई दे सकती है। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि सिटी वाली जिस चौकी को लेकर पूरे मामले की चर्चा हो रही है, वहीं के टू-स्टार ने बीते दिनों कई खुलासे और मुठभेड़ भी अंजाम दी थीं।




# शादी के पांच दिन बाद ही विवाहिता प्रेमी संग हुई फरार



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक गांव की युवती का पांच दिन पूर्व एक युवक से विवाह हुआ। विवाह उपरांत मायके आई युवती प्रेमी संग फरार होकर थाने पहुंची ओर पुलिस की मौजूदगी में प्रेमी संग रहने की जिद पर अड गयी। युवती ने परिजनों को जमकर खरी खोटी सुनाई। घंटो हंगामा चला, आखिरकार युवती के परिजन व दूल्हें पक्ष के लोगो को बैरंग लौटने को मजबूर होना पडा।

थानान्तर्गत गांव बखरवा निवासी एक युवती की शादी इसी माह सात मार्च को मुरादनगर के गांव उखरालसी निवासी एक युवक से तय हुई थी। शादी वाले दिन भी प्रेमी ने विवाह के दौरान आकर जमकर हंगामा किया। लेकिन इस बीच पुलिस ने दोनो पक्षों के बीच समझौता करा दिया ओर युवती शादी होकर दूल्हें के साथ ससुराल चली गयी। होली पर्व पर युवती अपने भाई के साथ मायके आई और शनिवार की सांय घर से रफूचक्कर हो गयी। परिजनों ने इस बावत थाने में तहरीर देते हुये आरोपी प्रेमी गांव पलौता निवासी विकास पर अगुवा कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करा दी।

पुलिस जांच कर ही रही थी, कि युवती प्रेमी संग रविवार को थाने में आ पहुंची और उसने पुलिस की मौजूदगी में परिजनों को खरी खोटी सुनाते हुयें प्रेमी संग रहने की जिद पकड ली। यह देख परिजन व दूल्हें पक्ष के लोग अवाक रह गये। इसके बाद युवती के पिता ने थाने में शिकायत देकर अपनी बेटी को चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुयें उसे संबध ना रखने की बात कहीं और दूल्हा पक्ष भी बैरंग लौट गया।

अब पुलिस इस मामले में युवती के ब्यानों के आधार पर विधिक राय लेकर कार्यवाही करने की बात कह रही हैं।

# नोएडा में सीपी ने थाने का किया औचक निरीक्षण 4 पुलिसकर्मियों व 3 चौकीदारों को किया पुरस्कृत



**नोएडा (करंट क्राइम)।** पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने थाना सेक्टर-126 का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे थाने पर आने वाले फरियादियों को ध्यानपूर्वक सुनें और उनसे मधुर व्यवहार रखें। जनशिकायतों को समयपूर्ण एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। लंबित पड़ी विवेचनाओं का जल्द से जल्द और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाए। सतर्कता से ड्यूटी करें और ड्यूटी के प्रति कर्तव्य, दायित्व और ईमानदारी को साथ दें।

सीपी ने सबसे पहले थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय, थाना हवालात, थाना मेस, थाना बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया। थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी व हेड मोहर्रिर को मालखाने में लंबित पड़े माल का शीघ्र निस्तारण करने, थाना परिसर व थाना बैरक की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था रखने और लावारिस वाहनों की प्रक्रिया के अनुरूप नीलामी करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद उनके द्वारा हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को पीड़ित की अविलंब सहायता करने, प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को रजिस्टर में अंकित करने और सभी शिकायतों का अविलंब गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराने, महिलाओं का फीडबैक लेने के लिए निर्देशित किया।

इसके बाद सीपी ने थाना सेक्टर-126 के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करें। इस दौरान पुलिस कमिश्नर द्वारा सलामी गार्द व थाने पर नियुक्त दो उपनिरीक्षक व एक महिला मुख्य आरक्षी तथा तीन ग्राम चौकीदारों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डीसीपी रामबदन सिंह, एडीसीपी नोएडा सुमित शुक्ला व आईपीएस कृतिका शुक्ला, एसीपी नोएडा प्रथम प्रवीण कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सड़क पर खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल

## कार के बोनट और ऑटो की छत पर कर रहा युवक डांस



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के सेक्टर-126 में एमिटी यूनिवर्सिटी के पास स्टंट का वीडियो सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ युवक चलती कार की बोनट और ऑटो की छत पर खड़े होकर डांस कर रहे है। सड़क पर हुड़दंग करते नजर आ रहे है। बताया जा रहा है कि स्टंट करने वाले स्टूडेंट एमिटी यूनिवर्सिटी के है। फिलहाल पुलिस वीडियो के आधार पर जांच कर रही है।

36 सेकेंड का है वीडियो वीडियो 36 सेकेंड का है। इसका रील बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल किया गया। अब सोशल मीडिया पर पोस्ट करके एक्शन लेने की बात कर रहे है। वीडियो होली या उससे एक दिन पहले बनाया गया है। इसमें कार की बोनट पर बैठे है। ऑटो की छत पर खड़े होकर डांस कर रहे है। ऑटो के अंदर घुसकर चालक को खींच रहे है। सड़क पर लेटकर डांस कर रहे है।

बड़े हादसे को दावत इस वीडियो में और भी वाहन दिख रहे है। ऐसे में इस तरह का वीडियो बनाना जान जोखिम में डालने जैसा है। इससे बड़ा हादसा हो सकता है। फिलहाल पुलिस वीडियो के आधार पर युवकों की पहचान कर रही है। बता दें एमिटी के पास इससे पहले पहले भी कई वीडियो सामने आ चुके है। जिन पर पुलिस प्रशासन की ओर से एक्शन लिया गया।

## न्यूज डायरी

### साइप्रस में प्रवासियों से भरी नाव डूबी, सात शव बरामद

**साइप्रस।** साइप्रस में सोमवार को सरकारी टेलीविजन ने बताया कि द्वीप के दक्षिणी तट पर एक नाव के डूबने से सात शव बरामद किए गए हैं और दो लोगों को बचाया गया है। संयुक्त बचाव समन्वय केंद्र के अधिकारियों के अनुसार, बचाव अभियान जारी है, जिसमें सैन्य हेलीकॉप्टर, बचाव पोत और ड्रोन शामिल हैं। हालांकि, ऑपरेशन के शुरूआती चरण के कारण हताहतों की संख्या पर आधिकारिक टिप्पणी नहीं की जा सकी। एजेंसी ने बताया कि वे अब भी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। यूरोपीय संघ की सीमा सुरक्षा एजेंसी फ्रोंटेक्स ने कहा कि पिछले साल पूर्वी भूमध्य सागर में यूरोपीय संघ में अनियमित सीमा पार करने के मामले बढ़े हैं।

### लंदन से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को बुलावा, ऑक्सफोर्ड जाने का कार्यक्रम

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 27 मार्च को लंदन जाएंगी। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के तहत ह्यलंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एलएसई) और ब्रिटेन की राजधानी में क्वीन मैरी विश्वविद्यालय के ह्यमाइल एंड इंस्टीट्यूट ने सीएम ममता को एक सत्र में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। केंद्र सरकार ने पिछले सप्ताह उनकी यात्रा को मंजूरी दी थी।

### डोमिनिकन गणराज्य में लापता भारतवंशी छात्रा की तलाश तेज

**डोमिनिकन।** बाल्कन देश डोमिनिकन गणराज्य में भारतीय मूल की अमेरिकी छात्रा के लापता होने का मामला सुर्खियों में है। अमेरिका के पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा सुदीक्षा कोनांकी (20) को आखिरी बार पुंटा काना शहर के रिउ रिपब्लिक रिसॉर्ट में देखा गया था। 12 दिन पहले रिसॉर्ट में दिखी छात्रा के लापता होने के मामले में जांच कर रहे अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं वह डूब तो नहीं गई। तलाशी अभियान में तेजी आने के बाद सोमवार को (डोमिनिका टाइम) अधिकारियों ने रिजॉर्ट के आसपास पूछताछ की। अधिकारी सुदीक्षा को आखिरी बार देखने वाले व्यक्ति को लेकर उस समुद्र तट पर ले जाया गया जहां उसने छात्रा को आखिरी बार देखा था। खबरों के मुताबिक अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के छात्र जोशुआ रीबे ने सुदीक्षा को आखिरी बार देखा था। रीबे ने पुलिस को बताया कि वह समुद्र तट पर कोनांकी के साथ शराब पी रहा था इसी दौरान समुद्र में तेज लहरें उठीं और दोनों पानी में चले गए। रीबे के मुताबिक वह एक लाइफगार्ड रह चुके हैं, वे दीक्षा को किनारे तक लाने में सफल रहे। समुद्र तट पर दीक्षा को उल्टी हुई। रीबे ने बताया कि थोड़ी देर बाद दीक्षा ने उनसे कहा कि वह अपना सामान लाने जा रही है, जब उसने रिसॉर्ट की तरफ नजर दौड़ाई तो दीक्षा का कहीं पता नहीं चला। बाद में गायब होने की खबरें सामने आने पर उसे काफी हैरानी हुई।

### हैती में बढ़ती गैंग हिंसा के कारण डॉक्टरों को अस्पताल से निकालना पड़ा




**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने सोमवार को बताया कि हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस में गैंग हिंसा बढ़ने के कारण उनके कर्मचारियों को एक अस्पताल से निकालना पड़ा। इस दौरान उनके चार वाहनों पर गोलीबारी की गई। सहायता संगठन ने कहा कि इस घटना के कारण शनिवार को टर्गेउ आपातकालीन केंद्र में सेवाएं रोकनी पड़ीं। मामले में संगठन ने कहा कि इसके काफिले पर अधिकारियों के साथ समन्वय के बावजूद बार-बार और जानबूझकर गोलीबारी की गई।₹ हालांकि, मिशन प्रमुख बेनोइट वासेउर ने बताया कि इस घटना में कोई मौत नहीं हुई, लेकिन कर्मचारियों को मामूली चोटें आईं। उन्होंने कहा कि अब अस्पताल में संचालन जारी रखना संभव नहीं है, लेकिन जैसे ही स्थिति सामान्य होगी, हम अपनी सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बता दें कि यह घटना चार महीने में दूसरी बार हुई है, जब संगठन को पोर्ट-ऑ-प्रिंस में अपनी स्वास्थ्य सुविधा बंद करनी पड़ी है। टर्गेउ इमरजेंसी सेंटर शहर में काम करने वाले कुछ ही अस्पतालों में से एक था, क्योंकि गिरोहों का नियंत्रण बढ़ने के कारण अस्पतालों को भी नुकसान हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, पिछले साल हैती में 5,600 से ज्यादा लोग मारे गए और हाल के वर्षों में गिरोहों की हिंसा के कारण लाखों लोग बेघर हो गए हैं।

### ट्रम्प प्रशासन ने 200 से अधिक अप्रवासियों को अल साल्वाडोर भेजा

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की प्रेस सचिव, कैरोलिन लेविट ने सोमवार को एक समाचार सम्मेलन की मेजबानी की। सप्ताहांत में ट्रंप प्रशासन ने 200 से अधिक अप्रवासियों को अल साल्वाडोर भेज दिया, जबकि एक संघीय न्यायाधीश ने इस पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। बीते शनिवार रात, जिला न्यायाधीश जेम्स ई. बोसबर्ग ने प्रशासन को आदेश दिया कि वह नए लागू किए गए 'एलियन एनिमीज एक्ट' के तहत किसी को भी निर्वासित न करें। यह कानून 18वीं सदी का है, जिसे अमेरिकी इतिहास में केवल तीन बार, सभी युद्ध के दौरान इस्तेमाल किया गया है।

### ट्रंप ने मिशेल बोमन को फेड के शक्तिशाली वित्तीय विनियामक पद के लिए किया नामित

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को मिशेल बोमन को फेडरल रिजर्व के वित्तीय विनियामक प्रयासों की देखरेख करने के लिए नामित किया है। यह कदम बड़े बैंकों के लिए नियमों में ढील दे सकता है। बोमन को 2018 में फेड के गवर्निंग बोर्ड में सेवा देने के लिए नियुक्त किया गया था और अब वह फेड के पर्यवेक्षण के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगी। यह पद माइकल बार के खाली होने के बाद आया है, जिनके बारे में खबरें थीं कि ट्रम्प उन्हें नौकरी से हटाने की धमकी दे सकते थे, जिसके कारण बार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, बार फेड के सात सदस्यीय बोर्ड में बने रहे, जिससे ट्रम्प को इस पद के लिए किसी मौजूदा गवर्नर को चुनने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### सीरिया-लेबनान सीमा पर संघर्ष विराम

**सीरिया।** सीरिया और लेबनान की सीमा पर दो दिनों से जारी झड़पों के बाद, दोनों देशों के रक्षा अधिकारियों ने सोमवार देर रात संघर्ष विराम के लिए एक समझौता किया। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी रअठअ ने यह जानकारी दी। सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस समझौते में दोनों देशों के बीच समन्वय और सहयोग को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। बता दें कि सीरिया और लेबनान के सैनिकों के बीच यह संघर्ष तब शुरू हुआ जब लेबनान के राष्ट्रपति ने सीमा पर हो रही गंभीर लड़ाई के बाद सीरियाई सीमा की ओर से गोलीबारी के स्रोत के खिलाफ सैनिकों को जवाबी कार्रवाई करने का आदेश दिया। इस झड़प में सात लेबनानी नागरिकों की मौत हो गई और 52 अन्य घायल हो गए, जिनमें एक 4 साल की बच्ची भी शामिल थी।

### ट्रंप-पुतिन की दोस्ती पर तुलसी गबार्ड की बयानबाजी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक, तुलसी गबार्ड ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ₹बहुत अच्छे दोस्त₹ हैं। दोनों नेता संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच रिश्तों को बेहतर बनाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। गबार्ड ने यह भी कहा कि ट्रंप और पुतिन के रिश्ते बहुत पुराने हैं और ट्रंप इस बात के लिए प्रतिबद्ध हैं कि इन रिश्तों को शांति, समृद्धि, स्वतंत्रता और सुरक्षा पर आधारित किया जाए। गबार्ड ने भारत के एक चैनल से इंटरव्यू में कहा कि ट्रंप और पुतिन दो बड़े देशों के नेता हैं जो अच्छे दोस्त हैं और यह ध्यान केंद्रित कर रहे हैं कि वे साझा उद्देश्यों और हितों को कैसे मजबूत कर सकते हैं। उनके इस बयान के कुछ अंश सोमवार को प्रसारित किए गए थे।

### 'अमेरिका, स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी हमें लौटा दो', फ्रांसीसी नेता का अजीबोगरीब बयान



**फ्रांस।** फ्रांस से एक अजीबोगरीब खबर सामने आ रही है। जहां एक फ्रांसीसी राजनेता ने अमेरिका से स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी (स्वतंत्रता की प्रतिमा) को वापस करने की मांग की है। यह मांग यूरोपीय संसद के सदस्य और एक छोटे वामपंथी पार्टी के सह-अध्यक्ष यह मांग राफेल ग्लक्समैन ने की हैं। ग्लक्समैन ने यह सुझाव दिया कि अमेरिका अब उस प्रतिष्ठित स्मारक के लायक नहीं है, जिसे करीब 140 साल पहले फ्रांस ने उपहार के रूप में दिया था। ग्लक्समैन ने अपने समर्थकों से कहा कि हमें स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी वापस दे दो, यह हमारी ओर से आपको दिया गया उपहार था। लेकिन अब लगता है कि आप उससे घृणा करते हैं, इसलिए इसे अब फ्रांस में रखना बेहतर होगा। यह बयान उस वक्त दिया गया जब उन्होंने यह टिप्पणी की कि कुछ अमेरिकियों ने अत्याचारियों के पक्ष में जाने का विकल्प चुना है, जो ट्रंप की विदेश और घरेलू नीतियों से जुड़े भयंकर बदलावों को लेकर फ्रांस और यूरोप के अन्य हिस्सों में गहरी चिंताओं का संकेत है।

# ताइवान में फिर दिखे चीनी जहाज और ड्रोन

## रक्षा मंत्री बोले- क्षेत्र की शांति खतरे में डाल रहा ड्रैगन


ताइवान के राष्ट्रपति ने दी थी चेतावनी

**ताइवान।** ताइवान के हवाई क्षेत्र और जलक्षेत्र में रविवार और सोमवार को एक बार फिर चीनी सैन्य जहाज, विमान और ड्रोन ताइवान नजर आए। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने यह दावा किया। मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर चीनी ड्रोन और जहाजों की कई तस्वीरें साझा कीं। मंत्रालय ने कहा कि 59 में से 43 चीनी ड्रोन और विमान ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में घुसे। हालांकि लेकिन कोई टकराव नहीं हुआ।

मंत्रालय ने कहा ताइवान ने स्थिति पर नजर रखी। जवाब में विमान, नौसेना के जहाज और तटीय एंटी-शिप मिसाइल सुरक्षा तैनात की। ताइवान के रक्षा मंत्री वेलिंगटन कू ने कहा कि यह अभ्यास इस बात का सबूत है कि चीन समस्या पैदा करने वाला देश है, जो क्षेत्र में शांति को खतरे में डाल रहा है।

चीन आए दिन ऐसे मिशन लॉन्च करके ताइवान की सुरक्षा और मनोबल को कमजोर करने की कोशिश करता है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि अभ्यास विदेशी मिलीभगत और ताइवान की स्वतंत्रता के समर्थन के लिए एक दृढ़ प्रतिक्रिया है और ताइवान अलगाववादी ताकतों के लिए एक गंभीर चेतावनी है। माओ ने कहा कि चीन की सैन्य कार्रवाई राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए आवश्यक, कानूनी उपाय हैं।

पिछले सप्ताह ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने कहा था कि कहा कि बीजिंग ने संगठित अपराध समूहों, मीडिया और पूर्व सैन्य अधिकारियों की मदद से ताइवान के लोकतंत्र को तोड़ने की कोशिश की है। कहा, चीन हमारे देश में विभाजन, विनाश और तोड़फोड़ जैसी गतिविधियों को तेज कर रहा है, जो काबिले बर्दाश्त नहीं। लाइ ने प्रभावशाली हस्तियों, वर्तमान और सेवानिवृत्त सैन्य सदस्यों द्वारा चीन को रहस्य बेचने के खतरे के बारे में भी चेतावनी दी थी।

### चीन ने जी-7 देशों के राजनयिकों के आरोपों की निंदा की

चीन ने जी-7 देशों के शीर्ष राजनयिकों द्वारा लगाए गए आरोपों की कड़ी निंदा की थी। चीन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि जी-7 के सदस्य देशों के बयान में अहंकार, पूर्वाग्रह और दुर्भावनापूर्ण इरादे हैं। हालांकि, चीन ने इस बयान का विरोध करते हुए किसी भी तरह की जवाबी कार्रवाई की धमकी नहीं दी।बीते दिनों जी-7 ने चीन पर समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने और कुछ अवैध और खतरनाक कार्रवाइयों का आरोप लगाया था।

# सुनीता विलियम्स को लेकर धरती के लिए रवाना हुआ स्पेसएक्स का कैप्सूल



**नासा।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में फंसे नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर स्पेसएक्स का कैप्सूल धरती के लिए रवाना हो गया है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3:27 बजे धरती पर लौटेंगे। सुनीत विलियम्स समेत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री आज सुबह आईएसएस से अनडॉक हो गए। अंतरिक्ष यात्रियों का ये सफर 17 घंटे का होने वाला है। वे फ्लोरिडा के तट पर उतरेंगे।

### एक सप्ताह का सफर नौ महीने में बदला

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पिछले साल 5 जून 2024 को नासा के मिशन के तहत बोइंग के अंतरिक्ष यान पर बैठकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी। वे वहां सिर्फ एक सप्ताह रुकने वाले थे लेकिन अंतरिक्ष यान में तकनीकी खराबी आने की वजह से दोनों धरती पर वापस नहीं आ सके। दोनों के लिए 10 दिन का मिशन 9 महीने से अधिक के इंतजार में बदल गया।

मिशन प्रबंधक 18 मार्च की शाम के लिए पूर्वानुमानित अनुकूल परिस्थितियों के आधार पर क्रू-9 की पहले वापसी के अवसर को लक्षित करने में जुट गए हैं। ड्रैगन क्राफ्ट पहले ही चार अंतरिक्ष यात्रियों को छोड़कर सुनीता और बुच को लेने आईएसएस पर पहुंच चुका है। इस बीच, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने उनके स्थान पर पहुंचे चारों नए अंतरिक्ष यात्रियों को मिशन से संबंधित जानकारियां साझा कीं और कई प्रमुख बातें सिखाईं।

दोनों यात्री नौ माह पूर्व एक सप्ताह के लिए आईएसएस गए थे लेकिन उनका स्टारलाइनर यान खराब हो गया और वे वहीं फंसकर रह गए। अब उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स ड्रैगन का इस्तेमाल किया जा रहा है। नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रोस्कोस्मोस कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोबुनीव भी ड्रैगन कैप्सूल में वापस आएंगे। नासा से जुड़े स्टीव स्टिच ने कहा कि बुच और सुनीता ने शानदार काम किया है और हम उन्हें वापस लाने के लिए उत्साहित हैं।

नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रति आभार व्यक्त किया है। मस्क द्वारा एक्स पर पोस्ट एक वीडियो में सुनीता ने कहा, हम जल्द ही वापस आ रहे हैं, इसलिए मेरे बिना वे योजनाएं न बनाएं। हम जल्द ही वापस आ जाएंगे। बुच विलमोर ने कहा, हम सभी श्री मस्क के प्रति अत्यंत सम्मान रखते हैं।

### 1,148 डॉलर अतिरिक्त मुआवजा

नासा के सेवानिवृत्त अंतरिक्ष यात्री कैडी कोलमैन ने बताया है कि अंतरिक्ष यात्रियों के लिए कोई विशेष ओवरटाइम वेतन नहीं है। ऐसे में अंतरिक्ष यात्री संघीय कर्मचारी हैं, और इस स्थिति में अंतरिक्ष में उनके समय को पृथ्वी पर किसी भी नियमित कार्य यात्रा की तरह ही माना जाता है। अंतरिक्ष यात्री अपना नियमित वेतन पाते रहते हैं। नासा उनके भोजन व आईएसएस पर रहने के खर्च उठाता है। उन्हें प्रतिदिन 4 डॉलर (347 रुपये) दैनिक भत्ता मिलता है। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अतिरिक्त मुआवजे के रूप में 1,148 डॉलर (लगभग 1 लाख रुपये) मिलने की संभावना है।

# भगोड़े जाकिर नाइक ने पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ से की मुलाकात



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भगोड़े इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक ने पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ और उनकी बेटी और पंजाब की मुख्यमंत्री मरयम नवाज से रायविंड स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात में विभिन्न मुद्दों पर बात हुई। हालांकि आधिकारिक तौर पर बैठक को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज ने भी पिछले हफ्ते जाकिर नाइक से मुलाकात की। हालांकि उनकी इस मुलाकात पर सोशल मीडिया यूजर्स भड़क गए हैं।

पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद हफीज आए यूजर्स के निशाने पर मोहम्मद हफीज ने जाकिर नाइक के साथ मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की और लिखा कि 'जाकिर नाइक के साथ सुखद मुलाकात'। सोशल मीडिया यूजर्स मोहम्मद हफीज की इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और लोगों ने हफीज के जाकिर नाइक से मिलने पर सवाल उठाए। एक यूजर ने लिखा कि 'यही वजह है कि भारतीय क्रिकेट टीम और भारत सरकार पाकिस्तान नहीं आना चाहती।' एक अन्य यूजर ने लिखा कि 'और ये कहते हैं कि भारत, पाकिस्तान में नहीं खेलता। जब आप एक आतंकवादी का स्वागत करते हैं, तो क्या भारत, पाकिस्तान में खेलेगा

भारतीय टीम के पाकिस्तान में नहीं खेलने के फैसले का यूजर्स ने किया समर्थन आलोचना करने वाले अधिकतर यूजर भारतीय हैं। गौरतलब है कि जाकिर नाइक भारत में वांछित है और उस पर धन शोधन और कट्टरपंथ को बढ़ावा देने का आरोप है। जाकिर नाइक के पाकिस्तान दौरे से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के पाकिस्तान में नहीं खेलने का मामला फिर से गरमा गया है। जाकिर नाइक ने बीते साल अक्तूबर में भी पाकिस्तान का दौरा किया था। उस समय भी जाकिर नाइक ने पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से मुलाकात की।

# न्यूयॉर्क में अनु, अंजुला, वेंडी व सीमा मोदी को सम्मान, महिला सशक्तिकरण को मिला नया मुकाम



**वॉशिंगटन :** अमेरिका के न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास और ह्यफेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशनह्न (एफआईए) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित किया। इन महिलाओं को उनके विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

बता दें कि समारोह में सम्मानित होने वाली महिलाओं में अनु आयंगर, अंजुला अचारिया, वेंडी डायमंड और सीमा मोदी शामिल थीं। इन महिलाओं ने सामाजिक, आर्थिक, वित्तीय और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और दोनों देशों में महिलाओं के विकास को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की गई है।

सम्मानित महिलाओं में से अनु आयंगर, जो ह्यजे.पी. मॉर्गनह्न में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख हैं, उन्हें उनके पेशेवर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अंजुला अचारिया, जो ह्यए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्सह्न की सीईओ और संस्थापक हैं, को भी उनके काम के लिए सराहा गया। वेंडी डायमंड, जो ह्यएलडीपी वेंचर्सह्न की सीईओ और संस्थापक हैं, और ह्यविमेंस एंटरप्रेन्योरशिप डे ऑर्गेनाइजेशनह्न की संस्थापक भी सम्मानित होने वालों में शामिल थीं। इसके अलावा, सीमा मोदी, जो सीएनबीसी की पत्रकार और प्रस्तोता हैं, को भी इस सम्मान से नवाजा गया।

# 20 वर्षीय भारतवंशी छात्रा का 12 दिन बाद भी कोई सुराग नहीं, समुद्र तट से हुई थी लापता



**पुंटा काना।** बाल्कन देश डोमिनिकन गणराज्य में भारतीय मूल की अमेरिकी छात्रा के लापता होने का मामला सुर्खियों में है। अमेरिका के पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा सुदीक्षा कोनांकी (20) को आखिरी बार पुंटा काना शहर के रिउ रिपब्लिक रिसॉर्ट में देखा गया था। 12 दिन पहले रिसॉर्ट में दिखी छात्रा के लापता होने के मामले में जांच कर रहे अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि कहीं वह डूब तो नहीं गई। तलाशी अभियान में तेजी आने के बाद सोमवार को (डोमिनिका टाइम) अधिकारियों ने रिजॉर्ट के आसपास पूछताछ की। अधिकारी सुदीक्षा को आखिरी बार देखने वाले व्यक्ति को लेकर उस समुद्र तट पर ले जाया गया जहां उसने छात्रा को आखिरी बार देखा था।

**रीबे पुलिस ने दी जानकारी :** खबरों के मुताबिक अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के छात्र जोशुआ रीबे ने सुदीक्षा को आखिरी बार देखा था। रीबे ने पुलिस को बताया कि वह समुद्र तट पर कोनांकी के साथ शराब पी रहा था इसी दौरान समुद्र में तेज लहरें उठीं और दोनों पानी में चले गए। रीबे के मुताबिक वह एक लाइफगार्ड रह चुके हैं, वे दीक्षा को किनारे तक लाने में सफल रहे। समुद्र तट पर दीक्षा को उल्टी हुई।

# गाजा में युद्धविराम के बाद इस्राइल का सबसे बड़ा हवाई हमला, कम से कम 413 लोगों की मौत



**गाजा।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस्राइल द्वारा आज सुबह किए गए हवाई हमलों में कम से कम 413 लोग मारे गए हैं। फलस्तीनी अधिकारियों ने हमले में कम से कम 413 लोगों की मौत की जानकारी दी है। मध्य गाजा स्थित अल-अक्सा मार्टर अस्पताल आधारित मंत्रालय के प्रवक्ता खलील देगरान ने मंगलवार सुबह अद्यतन आंकड़े उपलब्ध कराए। कहा जा रहा है जनवरी में युद्धविराम के प्रभावी होने के बाद से यह गाजा में अब तक का सबसे भीषणतम हमला है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि युद्धविराम को बढ़ाने के लिए वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं होने के कारण उन्होंने हमले का आदेश दिया। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा, इजराइल अब सैन्य ताकत बढ़ाकर हमास के खिलाफ कार्रवाई करेगा।

**हमास ने युद्धविराम समझौते के उल्लंघन का लगाया आरोप :** इस्राइल ने इस हवाई हमले की वजह हमास द्वारा लगातार बंधकों की रिहाई से इनकार को बताया। इस्राइल ने हमास आतंकियों पर हवाई हमलों को अंजाम देने की बात कही। वहीं इस्राइल के हमले के बाद गाजा पट्टी में स्कूल बंद कर दिए गए। हमास ने इस्राइल पर युद्धविराम समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया है। हमास ने बयान जारी कर कहा कि नेतन्याहू और उनकी कट्टरपंथी सरकार ने युद्धविराम समझौते का उल्लंघन किया है, जिससे बंधकों के भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा गए हैं।

इस्राइल ने बुरेजी इलाके में शरणार्थी कैंपों पर हमले किए। विस्थापित फलस्तीनियों ने एक स्कूल में शरण ली हुई थी, उस स्कूल को भी निशाना बनाया गया। हमले से पहले इस्राइल ने गाजा में खाने, दवाई, ईंधन आदि की सप्लाई भी रोक दी है, जिससे गाजा में भुखमरी के हालात पैदा हो गए हैं। ये हमले ऐसे वक्त हुए हैं, जब इस्राइल और हमास के बीच दूसरे चरण के युद्धविराम समझौते पर बात हो रही हैं। हालांकि दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर युद्धविराम समझौते के उल्लंघन का आरोप लगा रहे हैं। हमास के पास अभी भी 24 जीवित बंधक हैं और अनुमान है कि 35 अन्य बंधक मारे जा चुके हैं।

हमास ने एक बयान में इजराइल की ओर से किए गए हमलों की निंदा की और कहा कि इन हमलों ने बंधकों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है। हमास द्वारा बंधक बनाकर रखे गए लगभग 24 इस्राइली नागरिकों के भविष्य के बारे में इजराइल के हमलों के कारण संशय की स्थिति पैदा हो गई है जिनके बारे में माना जाता है कि वे अब भी जीवित हैं।

**युद्धविराम के बाद गाजा में किया गया यह अब तक का सबसे बड़ा हमला है। जिसमें इतने लोगों की मौत हुई है। वहीं हमास ने चेतावनी दी है कि गाजा में इस्राइल के नए हमले युद्ध विराम का उल्लंघन हैं और यह बंधकों के जीवन को खतरे में डाल सकता है। इसके साथ ही इस्राइल ने लोगों से गाजा पट्टी खाली करने के लिए कहा है**

# एबीपी न्यूज कांक्लेव में केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने संजीव गुप्ता को किया सम्मानित

## मेक इन इंडिया कांक्लेव में संजीव कुमार गुप्ता के साथ समरकूल के डायरेक्टर तनुज गुप्ता भी रहे उपस्थित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देश के प्रसिद्ध न्यूज चैनल एबीपी न्यूज ने मंगलवार को दिल्ली के ललित होटल में मेक इन इंडिया कांक्लेव के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें देश की जानी मानी दर्जनों कंपनी ने हिस्सा लिया। इसी के तहत गाजियाबाद में होम एप्लायंसेज के निर्माता और समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता ने भी भाग लिया। जिसमें संजीव कुमार गुप्ता ने अपने संघर्ष से कामयाबी तक के सफर को साझा करते हुए कहा कि यदि आप मेहनत और ईमानदारी से किसी व्यापार को शुरू करते हैं तो देर से ही सही परन्तु आप कामयाब अवश्य होतें है। एबीपी न्यूज चैनल के इस बिजनेस कांक्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान रहे।

चिराग पासवान ने उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी हैं। और देश को फाईव ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाने के, मोदी जी के सपनों को हम आपके बूते ही साकार करने वाले हैं। और इसके लिए हमारी सरकार आपको सिंगल विंडो पर ही सारी सुविधा देने के प्रयास की ओर अग्रसर है। इसके पश्चात केन्द्रीय मंत्री ने समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता और डायरेक्टर तनुज गुप्ता को एबीपी न्यूज चैनल की ओर से सम्मानित करते हुए, प्रतीक चिह्न भेंट किया।

# भाजपा के नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने दी शुभकामनाएं




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मेरठ रोड स्थित एचआरआईटी यूनिवर्सिटी में मंगलवार को गाजियाबाद से पूर्व राज्य सभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने भाजपा के नव नियुक्त महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से स्नेहशील भेंट कर उन्हें बधाई दी एवं अध्यक्ष पद के आगामी सफलतम कार्यकाल के लिए आशीर्वाद दिया। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने डॉ अनिल अग्रवाल सहित अपने सभी वरिष्ठों से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और अपने कार्यकाल को सफल बनाने में सभी के सहयोग की अपेक्षा की। डॉ अनिल अग्रवाल ने भी मयंक गोयल को नव नियुक्त पद के लिए बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ भारतीय खाद्य निगम सदस्य राहुल गोयल मौजूद रहे।

# वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों ने दी मयंक गोयल को बधाई



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों का व्यक्तित्व ऐसा है कि वो हमेशा कार्यकर्ता भाव के साथ हर खुशी में शामिल होते हैं। मयंक गोयल को महानगर अध्यक्ष बनाये जाने पर उन्होंने अपने पुत्र हिमांशु प्रकाश गर्ग के साथ मयंक गोयल से मुलाकात की और उन्हें पटका ओढ़ाकर शुभकामनाएं दी।

# पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने दी मयंक गोयल को बधाई



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। महानगर अध्यक्ष बनाये जाने पर मयंक गोयल को बधाई और शुभकामनाएं मिल रही हैं। पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल को पुष्प गुच्छ देकर उन्हें अध्यक्ष पद की बधाई दी।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने 'संभव' के तहत की जनसुनवाई

## संभव में प्राप्त हुए 21 संदर्भ, टीम को तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी विभाग के अधिकारियों के साथ संभव के अंतर्गत जनसुनवाई की गई। संभव में 21 संदर्भ प्राप्त हुए जिसमें निर्माण विभाग से चार संदर्भ, स्वास्थ्य विभाग से पांच संदर्भ, उद्यान विभाग से एक संदर्भ, संपत्ति विभाग से एक संदर्भ, टैक्स विभाग से पांच संदर्भ, पशु चिकित्सा विभाग से एक संदर्भ तथा जलकल विभाग से चार संदर्भ प्राप्त हुए। संभव के दौरान प्राप्त संदर्भों पर तत्काल कार्यवाही हो टीम को निर्देश दिए गए। संभव में अधिकांश संदर्भ स्वास्थ्य तथा टैक्स विभाग से प्राप्त हुए जिन पर विशेष ध्यान देते हुए टीम के द्वारा कार्य किया जाए। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए। मौके पर अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, जलकल विभाग से कामाख्या प्रसाद आनंद, उद्यान विभाग से डॉक्टर अनुज, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ संजीव, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश व निर्माण विभाग से मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी व टीम उपस्थित रही।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई

## तीन घंटे के विशेष अभियान में 624 लोग गिरफ्तार, युवा से लेकर बुजुर्ग तक पकड़े गए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने की शिकायतों के बाद बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए तीन घंटे के विशेष अभियान में 624 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया।

डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 285 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 80, विजयनगर से 47, सिहानी गेट से 31, नंदग्राम से 42, कवि नगर से 42 और मधुबन बापूधाम से 43 लोग शामिल हैं।

डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 186 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें लोनी से 27, ट्रॉनिका सिटी से 16, अंकुर विहार से 9, लोनी बॉर्डर से 15, मसूरी से 20, मुरादनगर से 30, मोदीनगर से 14, निवाड़ी से 9, भोजपुर से 8, वेव सिटी से 6 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 32 लोग शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक इस अभियान में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक को गिरफ्तार किया गया।

डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 153 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 24 कौशांबी से 27 खोड़ा से 19 साहिबाबाद से 25 लिंक रोड से 22 शालीमार गार्डन से 16 और टीला मोड़ से 20 लोगों को पकड़ के थाना लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# गाजियाबाद में आवारा कुत्तों का आतंक

## बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का बाहर निकलना मुश्किल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** फ्लैट ऑनर्स फेडरेशन, राज नगर एक्सटेंशन गाजियाबाद ने लावारिस कुत्तों के आतंक के खिलाफ एक मुहिम शुरू है। इस मुहिम के तहत, फेडरेशन ने हाई राइज सोसाइटीज में लावारिस कुत्तों का आतंक बड़े पैमाने पर होने का सर्वे किया है।

सोसायटी के पदाधिकारियों का कहना है कि डॉग्स प्रेमियों के द्वारा अनियमित और अव्यवहारिक गतिविधियां करना, बाहर के कुत्तों को गाड़ियों में बंद कर सोसाइटीज के अंदर छोड़ देना, सोसाइटी प्रबंधन के द्वारा भी इस मुद्दे पर बहुत अधिक ध्यान न देना, और नगर निगम के द्वारा भी इस विषय पर गंभीरता और नियम पूर्वक कार्य का न करना भी है।

### आवारा डॉग्स से परेशान लोग

केडीपी ग्रैंड सवाना, राज नगर एक्सटेंशन में कुत्तों के भय से लोग डंडे लेकर निकलते हैं। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं है। कुत्तों के हमले की कई भयानक घटनाएं पहले इस सोसाइटी में हो चुकी हैं। लगातार कुत्ते लोगों को निशाना बना रहे हैं। प्रशासन भी ध्यान नहीं दे रहा। हर रोज घटनाएं हो रही हैं।

फेडरेशन ने हर सोसाइटीज के लोगों से विमर्श करने की प्रक्रिया शुरू की है और एक हस्ताक्षर अभियान भी निवासियों के द्वारा चलाया जाएगा, जिसकी सारी जानकारी सीधे सरकार को भेजी जाएगी। जिससे पीएफए की गलत दखलअंदाजी बंद हो और एनिमल्स वेलफेयर बोर्ड आफ इंडिया के लिए बनाए गए कानून में परिवर्तन करके समस्याओं का कोई हल निकाला जा सके।

### पशु प्रेमी भी अनदेखी कर रहे

फ्लैट ओनर्स फेडरेशन राज नगर एक्सटेंशन इकाई के मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल का कहना है कि कुछ पशु प्रेमी अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहे हैं। अपने पशुओं की देखभाल करने के लिए आवश्यक कदम नहीं उठा रहे हैं। इससे न केवल पशुओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, बल्कि यह समाज के लिए भी खतरनाक हो सकता है।

आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए एक बड़े आंदोलन की आवश्यकता है। फ्लैट ओनर्स फेडरेशन गाजियाबाद राज नगर एक्सटेंशन इकाई के अध्यक्ष राजकुमार त्यागी ने एक अपील जारी की है कि है, इस अभियान को मिलकर चलाया जाएगा। जिससे सोसाइटी से आवारा कुत्तों को डॉग शेल्टर में स्थानान्तरित किया जा सके। इस अभियान के लिए नगर निगम और प्रशासन के अधिकारियों से भी मिलेंगे। आवारा कुत्तों को पकड़ा नहीं जा रहा है।

# निगम पार्षद प्रवीण चौधरी ने दी मयंक गोयल को बधाई शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा राजनगर पार्षद प्रवीण चौधरी ने नवनियुक्त भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से मुलाकात की। प्रवीण चौधरी ने इस अवसर पर मयंक गोयल को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें अध्यक्ष पद की बधाई व शुभकामनांए दी।

# पार्षद मदन राय ने कहा : करवाएं हैं वार्ड में विकास के कार्य

## वार्डवासियों बोले एक्टिव है हमारे पार्षद करते हैं काम







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के वार्ड-86 वसुंधरा भाजपा पार्षद मदन राय ने विकास कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मदन राय ने पार्षद बनने के बाद अपने अधिकतर वादों को पूरा किया है। पार्षद ने बच्चों के खेलने के लिए पार्कों में ओपन जिम, हाई मास्क स्ट्रीट, सोलर लाइट, सड़क, सीवर लाइन, गंगा जल की लाइन व वार्ड के अधिकतर पार्क, सडकों, का निर्माण करवाया है। लोगों का कहा कि वार्ड विकास कार्य में सबसे आगे है। लोगों की जो भी मांग थी वह पार्षद ने पूरी की है। उन्होंने हर कार्य किए हैं। कुछ काम अभी चल रहे हैं। वार्ड में विकास के कई कार्य हुए। पार्षद मदन राय ने अपने वार्ड में बहुत अच्छा काम किया है। लोग इन कामों से बहुत खुश हैं। लोगों की हर मांग को पूरा किया है। लोगो ने कहा कि पार्षद ने इस वार्ड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पार्षद का कहना कि जितने विकास कार्य में कर सकता हु मैंने किए। वार्ड के अधिकतर पार्कों का विकास कार्य किया है। सीवरेज लाइन का कार्य, सड़क किनारे इंटरलॉकिंग टेल्स, सड़क वार्ड के तीन पार्कों में तीन ओपन जिम लगे है और ओपन जिम जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। लोगों का साथ मिलने से मैंने कई विकास कार्य करवाए। उन्होंने बताया कि वार्ड में पार्कों में सोलर लाइट व हाई मास्क लाइटे अधिकतर लगी गई है। जिन कुछ पार्कों के निर्माण कार्य होने हैं जल्द ही उनका काम भी पूरा होगा।

### अब तक हुए ये कार्य

- स्ट्रीट लाइटें और सोलर लाइटें लगवाई गई हैं।
- सड़कों का निर्माण करवाया गया है।
- पार्कों का सौंदर्य करण करवाया गया है।
- सीवरेज की लाइन डाली है।
- पार्कों में ओपन जिम लगवायें हैं।
- कई पार्कों मे 10 एचपी के पंप लगवाए है।

# जिम ट्रेनर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शक्तिखंड दो स्थित फिटनेस वन जिम के ट्रेनर न्यायखंड-तीन निवासी गणेश शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव जिम के अंदर बने चेंजिंग रूम में पड़ा मिला। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार की देर रात करीब नौ बजे गणेश अपनी ड्यूटी पूरी करके जिम कर रहे थे। कुछ देर बाद वह चेंजिंग रूम में गए और काफी देर तक बाहर नहीं निकले। जिम मालिक नोएडा निवासी ओमप्रकाश और उनके अन्य कर्मचारियों ने दूसरे चेंजिंग रूम में से कूदकर दरवाजा खोला और गणेश को तुरंत उठाकर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने जिम ट्रेनर को मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चल पाएगी।

# मनु वशिष्ठ ने दी मयंक गोयल को बधाई



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। युवा भाजपा नेता तथा पूर्व पार्षद हिमांशु लव के सुपुत्र मनु वशिष्ठ ने महानगर अध्यक्ष बनाये जाने पर नवनियुक्त अध्यक्ष मयंक गोयल का स्वागत किया। मनु वशिष्ठ ने मयंक गोयल को उनकी सफल पारी के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

# 50 मिनट तक शहर के ऊपर चक्कर काटती रही कोलकाता की फ्लाइट



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में मंगलवार सुबह नौ बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट 50 मिनट तक शहर के ऊपर चक्कर काटती रही। बताया जा रहा है कि ऐसा रूट क्लियरेंस न होने की वजह से हुआ। एयरलाइंस कंपनी की ओर से भी रूट क्लियरेंस न होने की बात कही गई है। मंगलवार सुबह नौ बजे एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट हिंडन एयरपोर्ट पर लैंड होनी थी, लेकिन यह 9 :50 पर लैंड हुई। ऐसा नहीं कि फ्लाइट लेट थी, शहर में फ्लाइट सुबह नौ बजे ही आ गई थी लेकिन फ्लाइट रनवे की ओर जाने की बजाय शहर के ऊपर ही चक्कर काटती रही। एयरपोर्ट निदेशक ने बताया कि क्लियरेंस न मिलने की वजह से फ्लाइट समय पर नहीं उतर सकी। उन्होंने बताया कि एयरलाइंस कंपनी की ओर से उन्हें बताया गया कि कोई तकनीकी दिक्कत नहीं थी बल्कि रूट क्लियरेंस न होने की वजह से विमान देरी से उतरा।

## शुभकामना



गाजियाबाद, करंट क्राइम। युवा भाजपा नेता नितिन मावी ने भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चैनपाल गुर्जर से मुलाकात की। नितिन मावी ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चैनपाल गुर्जर को बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनके यशस्वी कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता नितिन मावी ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है और हम सब कार्यकर्ता भाजपा के लिए हमेशा समर्पित हैं।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Suresh Kumar Kashyap
3m ·

आज दिल्ली में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद मा० डॉ दिनेश शर्मा जी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की।।

इस मुलाकात में हमने विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की और संगठनात्मक दृष्टिकोण से उनके बहुमूल्य मार्गदर्शन का लाभ प्राप्त किया।।

#Sureshkashyap
Dinesh Sharma Bharatiya Janata Party (BJP)
Dharampal Singh BJP Uttar Pradesh J.P.Nadda
Narendra Modi MYogiAdityanath Bhupendra Singh

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने पूर्व डिप्टी सीएम तथा मौजूदा राज्य सभा सांसद दिनेश शर्मा से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। इस मुलाकात में विभिन्न विषयों पर बात हुई। इस मुलाकात को पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप ने फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।